



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 13 | कोरबा, रविवार, दिनांक 12 अक्टूबर 2025 डाक 13 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू गुजरात के द्वारकाधीश मंदिर में दर्शन और पूजा करते हुए



**देश-विदेश**

वकील और जज सुनिश्चित करें कि न्याय प्रणाली हर नागरिक के लिए सुलभ हो : सीजेआई गवई



**फीचर पेज**

आत्मा को छूने वाली कहानी बनायी अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर ने




# पाक-अफगान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच खाड़ी देशों में मची खलबली, भारत ने क्या कहा?

**नईदिल्ली, 12 अक्टूबर [एजेंसी]।**

पाकिस्तान और अफगानिस्तान सीमा पर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। तालीबान के नेतृत्व वाली अफगानिस्तान की सेना ने पाकिस्तान सीमा पर बनी कई चौकियों पर धावा बोल दिया है। वहीं, भारत समेत कई देशों ने सीमा पर शांति बनाए रखने की अपील की है। पाकिस्तान ने काबुल पर एयर स्ट्राइक कर दी थी, जिसके जवाब में अफगानी सेना ने भी पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। यह लड़ाई कुनर और हेलमंद प्रांत तक फैल गई है। अफगानिस्तान की सेना ने दुरंड रेखा (अफगान-पाक सीमा) को पार करके कई चौकियां अपने कब्जे में ले ली हैं। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सीमा पर चल रहे तनाव की जानकारी देते हुए 12 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत का दावा किया है। अफगान रक्षा मंत्रालय के अनुसार,तालिबान सेना ने दुरंड केखा के पार कुनर और हेलमंद प्रांतों में पाकिस्तानी सेना की कई चौकियों



पर कब्जा कर लिया है। इस संघर्ष में कम से कम 12 पाक सैनिक मारे गए और कई घायल हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़े तनाव के कारण खाड़ी देश भी टेंशन में हैं। इजरायल और हमास के युद्ध के बीच एक और तनाव पूरे क्षेत्र में अस्थिरत की वजह बन सकता है। ईरान के राजनयिक अब्बास अराघची ने दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी करते हुए कहा, राज्य संयम बरतने के साथ-साथ तनाव कम करने पर बात करें। इससे शांति और स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा।

कतर के विदेश मंत्राय ने अपने बयान में कहा, दोनों देशों को कूटनीतिक बातचीत को महत्व देना चाहिए। पाकिस्तान ने भारत पर अफगानिस्तान का समर्थन करने का आरोप लगाया है। भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा, हम अफगानिस्तान के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप नहीं करते हैं। अफगानिस्तान पर हमले के पीछे की वजह बताते हुए पाकिस्तानी सेना ने कहा, पाकिस्तान के खिलाफ अफगानिस्तान में कई बेस बनाए जा रहे हैं, जिसके सबूत भी मिले हैं। हमने जान-माल की रक्षा के लिए यह जरूरी कदम उठाया है।

# भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों का किया ऐलान, फिर चौंकाया

**नईदिल्ली, 12 अक्टूबर [एजेंसी]।**



भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर आधिकारिक लिस्ट जारी कर दी है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस ने शुक्रवार को राज्यसभा चुनाव के लिए अपने तीन उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया था और दावा किया कि चौथी सीट के लिए कांग्रेस के साथ बातचीत चल रही है। भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने रविवार प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पार्टी ने जम्मू-कश्मीर में होने वाले तीन अलग-अलग द्विवार्षिक चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। बीजेपी ने अधिसूचना 01 के तहत एक राज्यसभा सीट के लिए गुलाम मोहम्मद मीर को उम्मीदवार बनाया गया है। बीजेपी की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि अधिसूचना 02 के तहत एक राज्यसभा सीट के लिए राकेश महाजन को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, अधिसूचना 03 में दो राज्यसभा सीट के लिए सतपाल शर्मा के नाम को स्वीकृति दी गई है. ये ऐलान राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह द्वारा जारी किया गया है।

वहीं, विधानसभा में अपनी ताकत के आधार पर एनसी को तीन सीटों पर बढ़त हासिल है, जबकि बीजेपी को एक सीट पर बढ़त है। बीजेपी से एनसी ने तीन सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया था। साथ ही सत्तारूढ़ ने दावा किया कि चौथी सीट के लिए वह कांग्रेस से बातचीत कर रहे हैं। ये चुनाव जम्मू और कश्मीर की राजनीति के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। बीजेपी ने राज्यसभा में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए तीनों उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है। इन उम्मीदवारों की जीत पार्टी के लिए क्षेत्रीय उपस्थिति और संसद में प्रतिनिधित्व को बढ़ाने में सहायक होगी।

## महंत की मौत, अयोध्या के मंदिर में हड़कंप

**अयोध्या।** अयोध्या में एक महंत की अचानक मौत से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की देर रात एक महंत की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस को घटना की जानकारी देकर मामले में शिकायत दर्ज करवाई गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया जा रहा है। मामले में जानकारी देते हुए बताया गया कि कोतवाली क्षेत्र के रामघाट मोहल्ला स्थित रावत मंदिर में महंत राम मिलन दास ने रात का खाना खाया। खाना खाने की थोड़ी देर बाद ही उनके मुंह से झाग निकलने लगा और उनकी हालत बिगड़ने लगी। मंदिर में मौजूद शिष्यों तथा अन्य ने तत्काल उनको श्री राम चिकित्सालय पहुंचाया तो परीक्षण के बाद डॉक्टर ने महंत को मृत घोषित कर दिया।

## सारंडा में फिर बढ़ा माओवादियों का आतंक, एयरटेल टावर पर बोला हमला, आईईडी ब्लास्ट से हाथी की मौत

**मनोहरपुर।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के घने सारंडा जंगल में माओवादियों का आतंक एक बार फिर सिर उठाने लगा है। बताया जा रहा है कि 8 से 14 अक्टूबर तक चल रहे प्रतिशोध सप्ताह के दौरान माओवादियों ने कल रात जराईकेला थाना क्षेत्र के कोलभोंगा गांव में स्थित एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावर पर हमला कर दिया। सूत्रों के अनुसार, करीब 20 की संख्या में हथियारबंद माओवादी देर रात गांव पहुंचे। उन्होंने टावर परिसर की घेराबंदी तोड़कर नीचे लगे जेनसेट व कंट्रोल



यूनिट में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। कुछ ही देर में पूरा उपकरण जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक, टावर को आग के हवाले करने के बाद माओवादियों ने मौके पर नारेबाजी की और यह संदेश देने की कोशिश की कि सारंडा क्षेत्र पर उनका प्रभाव अब भी बरकरार है।माना जा रहा है कि इस हमले का उद्देश्य सुरक्षा बलों के संचार तंत्र को बाधित करना था, ताकि उनकी गतिविधियों की जानकारी बाहर न जा सके।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम मौके के लिए रवाना हो गई है।

## रांची में स्वदेशी मैराथन का आयोजन, 25 हजार लोगों ने हिस्सा लिया

**रांची 12 अक्टूबर।** मोरहाबादी मैदान में रविवार को स्वदेशी मैराथन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। हरी झंडी दिखाने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6.30 बजे से हुई, जिसमें करीब 25




हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देते हुए आत्मनिर्भर भारत के विचार को मजबूत करना था। स मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा, स्वदेशी का नारा हमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के उस विचार की याद दिलाता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि स्वदेशी अपनाना केवल वस्तुओं का चयन नहीं, बल्कि देश के प्रति समर्पण का भाव है। ये भाव हमें स्वदेशी की भावना से जोड़ता है, जिसे महात्मा गांधी ने स्वतंत्र भारत का आधार माना था। पीएम मोदी देशवासियों से वोकल फॉर लोकल का आह्वान करते रहे हैं। पीएम स्थानीय उत्पादों को अपनाने पर जोर दे रहे हैं। झारखंड के लोग इस अभियान को पूरे समर्पण के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। ऐसे में विकसित भारत का सपना साकार होने से कोई रोक नहीं सकता।

# दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से दुष्कर्म मामले में 3 गिरफ्तार

## सुवेंदु अधिकारी ने की एनकाउंटर की मांग

**दुर्गापुर, 12 अक्टूबर [एजेंसी]।**



पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में दोस्त के साथ गुपचुप खाने गई मेडिकल की छात्रा दुष्कर्म का शिकार हो गई। छात्रा का आरोप है कि वह अपने दोस्त के साथ गुपचुप खाने के लिए बाहर गई थी। तभी रास्ते में दो-तीन युवक आए उसे रोककर जबरन दबोच लिया और दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन आरोपियों की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है।

छात्रा दुर्गापुर में एक निजी मेडिकल कॉलेज के पास ओडिशा की द्वितीय वर्ष की एमबीबीएस छात्रा है। जो अपने दोस्त के साथ गुपचुप खाने गई थी। इस दौरान कथित तौर पर कुछ लोगों ने उसे जबरन दबोच लिया और सुनसान जगह पर ले जाकर एक युवक ने दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़ित छात्रा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। फिलहाल उसकी हालत में सुधार है। वहीं छात्रा का मित्र भी संदेह के घेरे में है। छात्रा के सामूहिक बलात्कार मामले में पुलिस पहले ही पांच लोगों की पहचान कर चुकी है। आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, उनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी दो अभी भी फरार हैं। उनकी तलाश जारी है। पश्चिम बंगाल पुलिस ने एक्स पर एक बयान में आश्वासन दिया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से घटना के बारे में असत्यापित जानकारी साझा करने से बचने का भी आग्रह किया।

पुलिस ने कहा, दुर्गापुर में ओडिशा की एक मेडिकल छात्रा पर हुए यौन उत्पीड़न से हम बेहद दुखी हैं और सभी को आश्वस्त करना चाहते हैं कि दोषियों को सजा नहीं मिलेगी। मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने राज्य में दुष्कर्म के लगातार बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार की भूमिका पर सवाल उठाए। शनिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुवेंदु ने मांग की कि बंगाल में भी अपराधियों को उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के माडल पर सजा मिलनी चाहिए। उनके शब्दों में, दुष्कर्म जैसे मामलों में आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद ही एनकाउंटर कर देना चाहिए।

**तेज रफ्तार कार रोड रोलर से टकराई**

# कांग्रेस नेता के बेटे समेत 4 की मौत

**सोनीपत।** जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे पर शनिवार मध्यरात्रि भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें चार युवकों की मौत हो गई। हादसा सोनीपत के गोहाना क्षेत्र में रूखी टोल टैक्स के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार कार सड़क निर्माण कार्य में लगे रोड रोलर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान तीनों ने भी दम तोड़ दिया। हादसे की खबर से पूरे इलाके में मातम पसर गया है।चारों युवक हरियाणा के रोहतक जिले के गांव घिलौड़ के रहने वाले थे। हादसे में जान गंवाने वालों में अंकित, लोकेश, दीपांकर और सोमबीर शामिल हैं। इनमें से एक, सोमबीर, रोहतक ग्रामीण कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बलवान रंगा का बेटा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात के समय विजिबिलिटी कम थी और हाईवे पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण रोड रोलर सड़क पर खड़ा था। तेज रफ्तार में आ रही कार सीधी जाकर रोड रोलर से भिड़ गई।

# महागठबंधन की सीट शेयरिंग पर फैसला आज, लालू प्रसाद और तेजस्वी दिल्ली रवाना

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन की सियासत आज दिल्ली में गर्म रहने वाली है। कांग्रेस, राजद और अन्य सहयोगी दलों के दिग्गज नेता एक बार फिर एक टेबल पर बैठने जा रहे हैं। माना जा रहा है कि इस बैठक में सीट बंटवारे के फार्मूले पर अंतिम सहमति बन सकती है। हालांकि, राजद-कांग्रेस के बीच सीटों को लेकर चल रहा विवाद और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी की सीट और उप मुख्यमंत्री पद जैसी मांग के बिंदुओं पर बैठक में समाधान संभावित है। दिल्ली में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए राजद प्रमुख लालू प्रसाद और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष दिल्ली रवाना हो चुके हैं। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में कांग्रेस ने पिछले चुनाव के मुकाबले समझौता करते हुए 70 से अधिक



सीटों की मांग रखी है, जबकि राजद उसे 50 से 55 सीट देने के मूड में नहीं है। कांग्रेस का तर्क है कि राज्य के कई क्षेत्रों में पार्टी की स्थिति मजबूत हुई है और वह अधिक हिस्सेदारी की हकदार है।

वहीं, राजद का मानना है कि गठबंधन की मुख्य जिम्मेदारी उसके कंधों पर है, इसलिए सीटों का बंटवारा उसी अनुपात में होना चाहिए। इसी बीच मुकेश सहनी भी अपनी विकासशील इंसान पार्टी को कम से कम 15 सीट देने की मांग पर अड़े हुए हैं। यहीं नहीं उप मुख्यमंत्री पद को लेकर वे लगातार अपनी दावेदारी भी रख रहे हैं। महागठबंधन में वाम दलों को करीब 35 सीटें देने पर सहमति बन चुकी है, लेकिन तस्वीर अभी भी पूरी तरह से साफ नहीं। इन तमाम बिंदुओं पर दिल्ली की बैठक में मंथन होगा।

# इतने बड़े अफसर को इंसाफ नहीं मिला तो..., आईपीएस पूरन कुमार मामले में सियासी पारा हाई, विपक्ष ने सरकार को घेरा

**पंचकूला।** हरियाणा के सीनियर आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या पर राजनीतिक पारा चढ़ने के साथ ही दलित संगठन भी लामबंद हो गए हैं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र, पार्टी महासचिव और सांसद रणदीप सुरजेवाला और कुमारी सैलजा तथा सांसद दीपेंद्र हुडडा और वरुण मुलाना, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वर्तमान में विधायक चंद्रमोहन बिश्नोई, विधायक गीता भुक्कल और शकुंतला खटक सहित पार्टी के कई विधायकों ने आईएएस अमनीत पी कुमार के निवास पर न्याय



की लड़ाई में साथ होने का भरोसा दिलाया। वहीं, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी और कृष्ण लाल पंवार अधिकारियों की टीम के साथ पीड़ित परिवार को शव के पोस्टमार्टम के लिए मनाने में जुटे रहे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल विज और पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा तथा ओमप्रकाश धनखड़ सहित अन्य नेताओं ने भी परिवार से मुलाकात कर उनका दुख साझा किया।सांसद दीपेंद्र हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष चौ. उदयभान की अगुवाई में सांसद वरुण मुलाना, विधायक गीता भुक्कल, निर्मल सिंह, शकुंतला खटक, नरेश सेलवाल, रामकरण काला, देवेंद्र हंस और पूजा मुलाना के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रदीप नरवाल, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव राजकुमार वाल्मीकि, पूर्व विधायक लहरी सिंह और हरियाणा कांग्रेस के एससी विभाग के चेयरमैन मनोज बागड़ी आईएएस पी अमनीत कुमार के निवास पर पहुंचे। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी द्वारा भेजे शोक संवेदना पत्र को पढ़ते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में हो पूरी जांच होनी चाहिए।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## पुलिस एनकाउंटर में बंबीहा गैंग के दो शूटर गिरफ्तार, दोनों के पैर में लगी गोली



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में पुलिस ने बंबीहा गैंग के दो शूटरों को एनकाउंटर के बाद पकड़ लिया। इनकी पहचान पंजाब के रहने वाले सुमित और मंजीत के रूप में हुई है। दोनों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक के पैर और दूसरे के घुटने के पास गोली लगी है। पुलिस को दोनों शूटरों के बारे में मुखबिर से सूचना मिली थी। सेक्टर 39 क्राइम ब्रांच प्रभारी मोहित और सेक्टर 40 क्राइम ब्रांच प्रभारी ललित की संयुक्त टीम ने शनिवार देर रात दो बजे दोनों बदमाशों को मैदावास गांव के पास घेर लिया। टीम ने दोनों को सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों को गोलियां लग गईं।

दोनों को हिरासत में लेकर अस्पताल ले जाया गया। गुरुग्राम पुलिस ने बताया कि दोनों बदमाश बंबीहा गैंग से जुड़े हुए हैं। आरोपितों से पूछताछ की जा रही है कि वे किस वारदात को अंजाम देने के लिए आए थे। इलाज के बाद उन्हें रिमांड पर लेकर उनके गैंग और अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जाएगी।

## पीएम सेजेस करतला में पायथन एआई/एमएल प्रोग्रामिंग पर हुई कार्यशाला




**करतला ।** पीएम श्री सेजेस करतला में 7 अक्टूबर से पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक भुवनेश्वर के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में कक्षा 9वी से 12वीं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया । इसमे छात्रों को पाइथन जैसी उच्च स्तरीय प्रोग्रामिंग भाषा की शिक्षा के साथ मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षा दी गई।पायथन एआई/एमएल प्रोग्रामिंग के लिए एक भाषा है और यह विभिन्न स्रोतों से डेटा को आसानी से पढ़ने और उसमें हेरफेर करने के लिए लाइब्रेरी और टूल प्रदान करके मदद करती है। पायथन डेवलपर्स पांडा जैसी लाइब्रेरी का उपयोग सीवीएस फाइलों से डेटा आयात करने, उसे साफ करने और विश्लेषण के लिए तैयार करने के लिए कर सकते हैं। हाल के वर्षों में, बड़े डेटा और नई तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल कई लोगों द्वारा बड़ी मात्रा में जानकारी से अनुमान लगाने, किसी चीज़ की भविष्यवाणी करने, या यहाँ तक कि किसी निर्णय प्रक्रिया को स्वचालित करने के लिए किया गया है। अधिकांश क्षेत्रों की फर्मों ने डेटा-आधारित अंतर्दृष्टि का लाभ उठाने की क्षमता को समझ लिया है।डिजिटल युग में आने वाली चुनौतियों का प्रबंधन करने और अवसरों का लाभ उठाने के लिए एआई और एमएल की मदद से बड़े डेटा का रूपांतरण बेहद ज़रूरी है। यह तब संभव होता है जब कंपनियां पायथन डेवलपर्स को नियुक्त करती हैं । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य त्रिलोक सिंह,प्रशिक्षक प्रकाश बिशी एवं उनके सहायक उमाशंकर आदित्य के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कबाड़ से बनाया एस-400 एंटी मिसाइल सिस्टम का मॉडल, ऑपरेशन सिंदूर 2.0 की थीम पर दे रहे स्वच्छता का संदेश

**कोरबा।** जिले में ऑपरेशन सिंदूर 2.0 की थीम पर एक मॉडल तैयार किया गया है। कचरे और बेकार पड़े सामान (स्क्रैप) का उपयोग कर रूस के आधुनिक एस-400 एंटी मिसाइल सिस्टम का एक आकर्षक लुक दिया गया है।गेवरा स्थित सेंट्रल एक्सवेशन वर्कशॉप (सीईडबल्यूएस) के कर्मचारियों ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत इसे बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया है। यह मॉडल अब आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।मॉडल को तैयार करने में सीईडबल्यूएस गेवरा के अधिकारियों और कर्मचारियों को लगभग एक महीने का समय लगा। इस परियोजना में लगभग 40 से 50 लोग शामिल थे, जिन्होंने इसे बनाने में विशेष योगदान दिया। इसे वर्कशॉप परिसर में एक मॉडल के रूप में रखा जाएगा। इस रचनात्मक पहल में टीम सीईडबल्यूएस गेवरा के साथ महाप्रबंधक बीसी शर्मा, वर्क्स मैनेजर मुकेश सिंह, एसओ (एचआर) शैलेंद्र पराशर, दीपक कुमार खरे और रमा चक्रवर्ती की सक्रिय भागीदारी रही। स्क्रैप से बना यह मॉडल न केवल तकनीकी समझ और कलात्मक कौशल को दर्शाता है, बल्कि स्वच्छता अभियान को भी नई दिशा देता है। यह संदेश देता है कि बेकार समझी जाने वाली वस्तुओं से भी उपयोगी और प्रेरणादायक चीजें तैयार की जा सकती हैं। केंद्रीय उत्खनन कर्मशाला के अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत कर्मचारियों ने अधिकारियों के मार्गदर्शन में कई महंगी हाइड्रोलिक सिस्टम वाली गाड़ियों को भी नई तकनीक से ठीक कर कंपनी के उत्पादन में फिर से लगाया है।

## सरयूपारीण ब्राह्मण महासंघ का भव्य शरदोत्सव एवं सम्मान सम्मेलन आयोजित

### महापौर संजू देवी ने की उपस्थिति दर्ज



**कोरबा ।** कोरबा अंचल के सीएसईबी सीनियर क्लब, कोरबा में छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राह्मण महासंघ द्वारा आयोजित शरदोत्सव एवं सम्मान सम्मेलन बड़े ही हर्ष और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में नगर निगम कोरबा महापौर संजू देवी राजपूत की गरिमामयी उपस्थिति रहीं, जिन्होंने समाज के विभिन्न पहलुओं में योगदान देने वाले गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम और श्रीकृष्ण-राधा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिससे आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण हुआ। इस अवसर पर सरयूपारीण संस्कृति और विरासत पर आधारित पुस्तक 'सरजू द्विज' का विमोचन भी किया गया।

उक्त आयोजित सम्मेलन में समाज के कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य सचिव शरदचंद बेहार रहे। उनके साथ ही मंच पर अशोक तिवारी, सत्यदेव शर्मा, राकेश चतुर्वेदी, सुरेन्द्र शर्मा, संजय शर्मा, कमल नारायण शर्मा, प्रदीप शुक्ला, अजय पांडे सहित समाज के अन्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सामाजिक एकता, संस्कृति संरक्षण, युवाओं का मार्गदर्शन और समाज के उत्थान जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। साथ ही समाज के विशिष्ट योगदानकर्ताओं को सम्मानित किया गया, जिससे सभी उपस्थितजन भावविभोर हो उठे।

## विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया विधायक तुलेश्वर मरकाम ने

**कोरबा ।** 11 अक्टूबर शनिवार को पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन और गोंगपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक श्री मरकाम ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। ग्रामीण अंचलों में सड़क, पुल, भवन एवं सार्वजनिक उपयोग के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि आमजन को सुविधा मिल सके। उक्त कार्यक्रम में राय सिंह मरकाम , विदवान सिंह मरकाम, वेदप्रताप कोराम , दिनेश कुमार केराम विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# अदाणी फाउंडेशन कोरबा जिले में 3000 बुज़ुर्गों, महिलाओं और स्कूल के बच्चों की नेत्र जाँच कर बांटेगी मुफ़्त चश्मे

* विजनस्प्रिंग फाउंडेशन के साथ किया जा रहा नियमित शिविर का आयोजन

* कोरबा पॉवर लिमिटेड के सामाजिक सरोकारों की अनुपम पहल




**कोरबा।** जिले के बरपाली तहसील में अदाणी फाउंडेशन ने नियमित नेत्र जाँच शिविर की शुरुआत की है। अदाणी के कोरबा पॉवर लिमिटेड (केपीएल) के पास के पाँच ग्राम पंचायतों खोड्डल, सरगबूंदिया, ढ़नीढ़नी, पहंदा, और पताड़ी के आसपास के ग्रामों में निवासरत बुजुर्गों, महिलाओं और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों सहित कुल 3000 लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य आसपास के ग्रामों में गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवाओं के मद्देनजर गांवों में स्कूल के छात्रों सहित बुजुर्गों और महिलाओं में नेत्र रोग की समस्या से निजात दिलाना है।

इसी कड़ी में नेत्र जाँच शिविर उद्घाटन गत मंगलवार को ग्राम पंचायत पताड़ी में किया गया। जिसमें कार्यक्रम की मुख्यअतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पताड़ी की डॉ रजनी कटकवार थी। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता केपीएल के महाप्रबंधक श्री नितिन पाटील ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पताड़ी सरपंच श्री प्रधान सिंह ठाकुर, सरगबूंदिया सरपंच श्री अश्विनी तवर, जिला पंचायत प्रतिनिधि श्री कमलेश अनंत, केपीएल के भू विभाग प्रमुख श्री विकास ठाकुर तथा कॉर्पोरेट मामलों के प्रमुख श्री अतुल गुप्ता उपस्थित थे। इसके अलावा अदाणी फाउंडेशन के श्री ताजेंद्र बंजारे व पवन महतो सहित गांव के पंच, बुजुर्गजन तथा ग्रामवासी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ रजनी कटकवार ने कहा कि, अदाणी फाउंडेशन का नेत्र रोग के निदान के लिए यह प्रयास काफी सराहनीय है। उन्होंने सभी को सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम नेत्र दान करने के लिए प्रेरित भी किया। केपीएल के श्री नितिन पाटील ने कहा कि, अदाणी फाउंडेशन अपने आसपास के आश्रित ग्रामों में सामाजिक सरोकारों के अंतर्गत मुफ़्त चिकित्सा परामर्श एवं दवाइयाँ उपलब्ध करा रहा है। जो कि संस्था की सामाजिक सहभागिता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नेत्र जाँच में अग्रणी संस्था विज़नस्प्रिंग फाउंडेशन के सहयोग से अदाणी फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र में नेत्र समस्या से जूझ रहे करीब 2000 बुजुर्गों और महिलाओं तथा सरकारी स्कूलों के 1000 बच्चों के नेत्रों की जाँच कर दवाइयाँ और नजर के चश्मे नि:शुल्क वितरित करेगा। शनिवार तक ग्राम पताड़ी, ढनढनी, सरगबूंदिया और खोड्डल में आयोजित शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ विनोद कुमार पाल ने 400 से अधिक बुजुर्गों और महिलाओं की नेत्र जाँच कर नि:शुल्क दवाइयां और नजर के चश्मे वितरित किए।अदाणी समूह द्वारा अपने सामुदायिक सरोकारों के तहत छत्तीसगढ़ की ऊर्जाधानी कोरबा, राजधानी रायपुर, सहित प्रदेश के सरगुजा, दुर्ग, बलोदाबाजार-भाटापारा, और बिलासपुर सहित कुल छह जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना विकास तथा आजीविका उन्नयन के कई कार्यक्रम संचालित कर रहा है। जिनमें कोरबा जिले से सटे सरगुजा के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र उदयपुर में 1000 से अधिक आदिवासी बच्चों को केन्द्रीय शिक्षा मण्डल की अंग्रेजी माध्यम स्कूल, अदाणी विद्या मंदिर में उच्चकोटी की नि:शुल्क शिक्षा सहित पौष्टिक भोजन, गणवेश, किताब, कापी स्कूल बैग इत्यादि भी प्रदान कर रहा है।

## बॉडी बिल्डिंग और वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में कुसमुंडा क्षेत्र बना चैंपियन

### खिलाड़ी नागपुर में दिखाएंगे पुन: दम



**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की अंतर क्षेत्रीय बॉडी बिल्डिंग, पावर लिफ्टिंग और वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में कुसमुंडा क्षेत्र चैंपियन बना। कोरबा में आयोजित इस 2 दिवसीय स्पर्धा में हसदेव क्षेत्र उपविजेता रहा। एसईसीएल के सभी 13 क्षेत्रों की टीमों ने इसमें हिस्सा लिया।

पुरुष और महिला वर्ग से 250 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों में अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता की मेजबानी एसईसीएल कोरबा क्षेत्र ने की, जिसके महाप्रबंधक राजेश कुमार गुप्ता थे। कुसमुंडा क्षेत्र के संजय पाल को बॉडी बिल्डिंग में प्रथम स्थान मिला और उन्हें मिस्टर एसईसीएल का खिताब दिया

जमुना-कोतमा क्षेत्र की महिला खिलाड़ी रुक्मणी ने वेट लिफ्टिंग में जीत दर्ज कर एसईसीएल की स्ट्रॉन्ग वुमेन का खिताब अपने नाम किया। कुसमुंडा क्षेत्र के विष्णु प्रसाद यादव ने 66 किलोग्राम भार वर्ग में 215 किलोग्राम वजन उठाकर स्ट्रॉन्ग मैन का खिताब जीता। उन्होंने अपने वजन से तीन गुना अधिक भार उठाया। विजेता खिलाड़ी अब नागपुर में होने वाली प्रतियोगिता में एसईसीएल का प्रतिनिधित्व करेंगे। एसईसीएल कोयला उत्पादन के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा दे रहा है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ रही है।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषि धन-धान्य योजना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवाद का हुआ सीधा प्रसारण



**कोरबा ।** कृषि विज्ञान केन्द्र, कोरबा द्वारा आज कृषि धन-धान्य योजना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवाद का सीधा प्रसारण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 2100 विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों से लगभग 84 कृषक प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए।

उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस.एस. पोर्ते अधिष्ठाता, कृषि अनुसंधान अधिसंस्थान (सीएआरएस) कटघोरा रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल विविधिकरण एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि धन-धान्य योजना किसानों की आय बढ़ाने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस.पी. सिंह ने किसानों को योजना के अंतर्गत विभिन्न लाभों, कृषि नवाचारों तथा प्राकृतिक खेती के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में किसानों के प्रश्नों के समाधान हेतु खुला संवाद सत्र आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कृषि विभाग से एम.पी. सिंह, पशु विभाग से डॉ. इंद्र कुमार पटेल अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण एवं कृषि विज्ञान केंद्र के समस्त स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन

## आउटसोर्सिंग कंपनी में महिला बाउंसरों द्वारा भू-विस्थापितों से मारपीट का लगा आरोप

**कोरबा ।** कोरबा जिले के कुसमुंडा क्षेत्र में स्थित एसईसीएल की कोयला खदानों में कार्यरत निजी आउटसोर्सिंग कंपनी में भू-विस्थापितों के साथ विवादों को निपटाने के लिए महिला बाउंसरों की तैनाती किए जाने का एक गंभीर मामला सामने आया है।

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें दो महिला बाउंसर एक व्यक्ति को मारते और घसीटते हुए साफ नजर आ रही हैं। इस घटना ने क्षेत्र के भू-विस्थापित परिवारों में भारी आक्रोश भर दिया है, और कई संगठन इस अमानवीय कृत्य का कड़ा विरोध कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि एक निजी कंपनी द्वारा स्थानीय भू-विस्थापितों, जो अक्सर नौकरी या अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हैं, उनसे निपटने के लिए महिला बाउंसरों की एक टीम तैनात की गई है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि कंपनी परिसर के पास दो महिला बाउंसर एक पुरुष व्यक्ति के साथ बल प्रयोग कर रही हैं। वे न केवल उसे पीट रही हैं, बल्कि उसे कलर पकड़ कर घसीटते हुए भी दिखाई दे रही हैं। यह घटना कंपनी द्वारा विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए अत्यधिक बल के उपयोग को दर्शाती है।

इस वीडियो के सामने आने के बाद से कुसमुंडा क्षेत्र के भू-विस्थापित परिवारों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। भू-विस्थापितों का कहना है कि उनकी जमीनें खदान विस्तार के लिए अधिग्रहित की गई हैं, लेकिन उन्हें वर्षों बाद भी न तो उचित मुआवजा मिला है और न ही नियमानुसार रोजगार दिया गया है। जब वे अपनी न्यायसंगत मांगों के लिए शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाते हैं, तो कंपनी प्रबंधन उन्हें बाउंसरों के माध्यम से दबाने और डराने-धमकाने की कोशिश करता है।

कई स्थानीय संगठन और सामाजिक कार्यकर्ता इस घटना की कड़ी निंदा कर रहे हैं। उनका आरोप है कि निजी आउटसोर्सिंग कंपनियां पुलिस या प्रशासन की भूमिका निभाते हुए कानून को अपने हाथ में ले रही हैं। उन्होंने तत्काल महिला बाउंसरों को हटाने, वीडियो में दिख रही महिला बाउंसरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है।स्थानीय लोगों का आरोप लगाते हुए कहना है कि यह पहली बार नहीं है, जब कुसमुंडा क्षेत्र में भू-विस्थापितों के साथ आउटसोर्सिंग कंपनियों के कर्मचारियों या बाउंसरों द्वारा मारपीट या दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। पहले भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जहां भू-विस्थापित महिलाओं द्वारा अर्धनग्न प्रदर्शन तक किया गया है, जो उनकी बेबसी और शोषण को दर्शाता है।

संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जिला प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन ने इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेकर ठोस कार्रवाई नहीं की, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।



## एचटीपीएस में लगभग एक हजार कर्मचारियों को दिया गया विद्युत, अग्नि एवं रसायन संरक्षा प्रशिक्षण

**कोरबा ।** जिले में स्थापित हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा-पश्चिम में कर्मचारियों एवं श्रमिकों को बाह्य संस्थान द्वारा संरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित इस संरक्षा प्रशिक्षण में विद्युत संरक्षा, अग्नि संरक्षा एवं रसायन संरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। इस संरक्षा प्रशिक्षण का लाभ लगभग एक हजार कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने उठाया।

संरक्षा प्रशिक्षण के पहले दिन मुख्य अभियंता ने कहा कि कर्मचारियों एवं श्रमिकों में संरक्षा के प्रति जागरूकता लाने एवं संरक्षा उपकरणों का सही इस्तेमाल करने के लिए इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि हम शून्य दुर्घटना का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले मुख्य अभियंता ने मेसर्स सेफ्टीट्यूड कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के संरक्षा विशेषज्ञ का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता पी.के. स्वैन भी उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि बिजली संयंत्रों में कड़े संरक्षा प्रोटोकॉल एवं प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। उचित प्रोटोकॉल और संरक्षा प्रशिक्षण देने से कारखानों में दुर्घटनाओं का जोखिम कम होता है।

इस प्रशिक्षण में अधीक्षण अभियंता (सुरक्षा एवं वैधानिक अनुपालन) राजेश बंजारा, मुख्य संरक्षा अधिकारी पीयूष सोमानी, संरक्षा अधिकारी प्रिया मिश्रा एवं परमानंद जांगड़े का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एसईसीएल ने विशेष अभियान 5.0 के तहत लगभग 37 लाख वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र को मुक्त करने किया लक्ष्य निर्धारित

**कोरबा ।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने अपने प्रचालनगत और प्रशासनिक स्थानों पर स्वच्छता, दक्षता और अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ाने के लिए एक व्यापक योजना के साथ अपना महत्वाकांक्षी विशेष अभियान 5.0 आरंभ किया है। अभियान के तहत, एसईसीएल ने छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में फैले 203 चिन्हित स्थलों पर 37,50,000 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र को स्वच्छ और पुनर्जीवित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस पहल का उद्देश्य कार्यालयों, खदानों और कॉलोनियों में स्थायी हाउसकीपिंग कार्यप्रणालियां सुनिश्चित करना तथा कार्यस्थल की स्वच्छता और सौंदर्य में सुधार करना है।स विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत प्रमुख लक्ष्य

ज़ लगभग 37.5 लाख वर्ग फीट क्षेत्रफल वाले 203 स्थलों की सफाई और रखरखाव लगभग 3,000 मीट्रिक टन स्क्रैप सामग्री का सुरक्षित निपटानज़ 2,000 वास्तविक फाइलों और 6,500 ई-फाइलों की विस्तृत समीक्षाज़ कंपनी के भीतर रचनात्मकता औरर चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अपशिष्ट से सर्वश्रेष्ठ कलाकृतियों का निर्माण

यह अभियान प्रणालीगत फाइल समीक्षा और समापन के माध्यम से डिजिटल दस्तावेजीकरण कार्यप्रणालियों और कुशल परिसंपत्ति प्रबंधन के एकीकरण पर भी जोर देता है, जो स्वच्छता और शासन में दक्षता के लिए भारत सरकार के व्यापक विजन के अनुरूप है।

उल्लेखनीय हैं की पिछले वर्ष विशेष अभियान 4.0 के दौरान, एसईसीएल ने कई श्रेणियों में अपने लक्ष्यों को पार किया। जिसके अंतर्गत सफाई स्थलों की संख्या, खाली की गई जगह और स्क्रैप निपटान के मामले में सभी कोयला सार्वजनिक उपक्रमों में कंपनी ने शीर्ष स्थान हासिल किया। कंपनी ने लोक-संपर्क और दृश्यता में भी अग्रणी स्थान अर्जित किया, कोल इंडिया की सभी सहायक कंपनियों में सबसे अधिक ट्वीट और प्रेस विज्ञप्तियां दर्ज कीं, जिससे अभियान के क्रियान्वयन और संचार में राष्ट्रीय स्तर पर एक मानक स्थापित हुआ।

## कटघोरा वनमंडल में विशेष टीम रोकेगी मानव-हाथी द्वंद

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल क्षेत्र में बढ़ते मानव-हाथी संघर्ष की घटनाओं को रोकने के लिए वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत (भा.व.से.) ने एक विशेष का गठन किया है। यह दल संघर्ष की स्थिति में तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत, बचाव और समन्वय की जिम्मेदारी निभाएगा। इस टीम में विभागीय अधिकारियों के साथ पत्रकार, विशेषज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल किए गए हैं।जारी आदेश के अनुसार, दल की कमान उपवनमंडलाधिकारी संजय त्रिपाठी को दी गई है, जबकि टीम में 15 सदस्य रखे गए हैं जिनमें परिक्षेत्र अधिकारी, सहायक, रक्षक, पशुचिकित्सक, पत्रकार और हाथी मित्रदल के सदस्य शामिल हैं।कोरबा के पत्रकार नागेन्द्र श्रीवास व कटघोरा के शशिकांत डिक्सेना (निक्की) को इस दल में शामिल किया गया है, जो लंबे समय से जंगलों और वन्यजीव से जुड़े जमीनी मुद्दों पर निडर होकर रिपोर्टिंग करते रहे हैं।

हाथी विशेषज्ञ प्रभात दुबे को भी इस टीम में सदस्य बनाया गया है। वे पिछले कई वर्षों से गांव-गांव जाकर लोगों को हाथियों के व्यवहार, उनकी गतिविधियों और सुरक्षा के उपायों के बारे में समझा रहे हैं। प्रभात दुबे की मुहिम का असर यह है कि अब कई ग्रामीण क्षेत्र में लोग हाथियों के आगमन पर घबराने की बजाय सावधानीपूर्वक दूरी बनाते हैं, जिससे मानव-हाथी संघर्ष में उल्लेखनीय कमी आई है।वनमंडलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत ने आदेश में कहा है कि यह दल किसी भी संघर्ष की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचेगा, घायलों को सुरक्षित करेगा और हाथियों को बिना नुकसान पहुंचाए सुरक्षित दिशा में मोड़ेगा।

साथ ही, प्रत्येक घटना की फोटो-वीडियो व त्नक्क- लोकेशन सहित रिपोर्ट तैयार की जाएगी और मुआवजा प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाया जाएगा।

## स्वच्छता अभियान, एड्स जागरूकता मानव श्रृंखला और साइबर अपराध पर आयोजित हुआ जनजागरूकता कार्यक्रम

**कोरबा ।** कोरबा जिले में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई बिंझरा, ब्लॉक पोंडी-उपरोड़ा के तत्वावधान में एक सामाजिक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता, एड्स जागरूकता और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।



उक्त कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर की स्वच्छता अभियान से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों ने परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छ विद्यालय-स्वस्थ भविष्य का संदेश दिया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और समाज को इसके प्रति प्रेरित करना था।

इसके बाद एड्स जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर एकता और संवेदनशीलता का प्रतीक प्रस्तुत किया। मानव श्रृंखला के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि एड्स से डरने की नहीं, बल्कि इससे जागरूक रहने की जरूरत है। स्वयंसेवकों ने जानकारी ही बचाव है का नारा देकर आमजनों को एड्स से जुड़ी भ्रांतियों से मुक्त रहने का आह्वान किया। साथ ही साइबर अपराध जागरूकता अभियान के तहत साइबर क्राइम के विभिन्न प्रकार, ऑनलाइन ठगी के तरीके और सतर्क रहने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सचेत करना था।कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने समाजसेवा की भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उपस्थित शिक्षकगण और ग्रामीण जनों ने भी इस आयोजन की सराहना करी। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे समाज में स्वच्छता, जागरूकता और सुरक्षा के संदेश को घर-घर तक पहुँचाएंगे।

## ठेका कंपनी पर एक्सप्रेस डिरेल होने का आरोप

### आरपीएफ ने एक्शन लेते हुए दो को किया गिरफ्तार

**कोरबा ।** कोरबा-चांपा मार्ग पर मड़वारानी रेलवे स्टेशन के समीप छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस डिरेल हो गयी थी। रेलकर्मियों ने मशक्कत के बाद ट्रेन को पटरी पर लाने में सफलता पाई। उक्त घटना में ठेका कंपनी की बड़ी लापरवाही सामने आई है। फुट ओवर ब्रिज निर्माण के दौरान लोहे के एंगल को रेल लाइन पर छोड़ दिया गया था। जिसे हादसे का कारण माना जा रहा है। उक्त मामले में आरपीएफ ने एक्शन लेते हुए ठेका कंपनी के सुपरवाइजर व एक मजदूर को गिरफ्तार किया है, जबकि हाइड्रा का चालक फरार बताया जा रहा हैं। जानकारी के अनुसार कोरबा रेलवे स्टेशन से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का लोको पायलट यात्रियों को लेकर रवाना हुआ था। ट्रेन मड़वारानी स्टेशन के समीप पहुंची। इसी दौरान एक बोगी का पहिया डिरेल हो गया। जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। किसी तरह लोको पायलट ने ट्रेन को नियंत्रित किया। लोको पायलट ने घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही रेल कर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके का निरीक्षण किया तो पहिए में लोहे का एंगल फंसा मिला।

# गोठान की सरकारी जमीन को गिरवी कर निकाला 20 लाख का फर्जी लोन

## तत्कालीन पटवारी समेत तीन लोगों पर एफआईआर के आदेश




**जांजगीर/पामगढ़।** ग्राम पंचायत की 5 एकड़ सरकारी भूमि को कूटरचना कर बैंक से 20 लाख रुपए का फर्जी लोन निकालने का अनोखा मामला सामने आया है। मामले में पामगढ़ एसडीएम ने तात्कालीन पटवारी समेत तीन लोगों के ऊपर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश भी दिया है। परन्तु इस मामले में आज तक एफआईआर नहीं हुई है। फाइल एसडीएम कार्यालय से लेकर मुलमुला थाने के बीच दो सालों से घूम रही है। वहीं शासकीय भूमि आज भी बंधक है।सरकारी भूमि को बैंक में बंधक बनाकर फर्जी तरीके से लोन मामले का यह पूरा मामला पामगढ़ तहसील
अंतर्गत ग्राम पंचायत मुलमुला लमुला का का है, जहां खसरा नंबर 4/6 और 4/12 शासकीय भूमि है। है और ग्राम पंचायत मुलमुला में शामिल है। जिस पर गोठान, रीपा और तालाब निर्मित है।
इसके बावजूद वर्ष 2020 में उक्त भूमि के रिकार्ड में कूटरचना कर खसरा नंबर 4/6 रकबा 1.2000 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 4/12 रकबा 0.81000 हेक्टेयर भूमि को अपने नाम पर चढ़वाकर गांव के प्रफुल्ल पिता रविन्द्रनाथ ने एक्सिस बैंक दीपका जिला कोरबा की शाखा से 27.11. 2020 को 20 लाख रुपए का लोन निकाल लिया। विडंबना यह है कि पूरे मामले को दबाने में रसूखदार लगे हुए हैं।

**लिखित शिकायत से हुआ पूरा खुलासा**

गांव के अमरदास खांडे ने इसकी लिखित शिकायत की तब पूरा फर्जीवाड़ा सामने आया। शिकायत पर जाच टीम बिठाई गई और तात्कालिन पामगढ़ एसडीएम ने जांच कराई जिसमें शासकीय भूमि को कूटरचित कर अपने नाम पर दर्ज कराने और 20 लाख रुपए का लोन निकालने वाले प्रफुल पिता रविन्द्रनाथ, लोन प्रकरण में सह आवेविका पफुल की मां मिजा यादव पिता रविन्द्रनाथ, तात्कालीन हल्का पटवारी, बैंक के तात्कालीन अधिकारी-कर्मचारी की संलिप्तता उजागर हुई। मामले में सभी के ऊपर एफआईआर के आदेश दिए थे।

**तीन बार एफआईआर दर्ज कराने आदेश**

शासकीय भूमि को कूटरचना कर बैंक से फर्जी लोन निकालने वालों के ऊपर एफआईआर दर्ज कराने अब तक पामगढ़ एसडीएम कार्यालय से 3 बार मुलमुला थाना को पत्र जारी किया जा चुका है लेकिन अब तक मामले में किसी के ऊपर एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। मूल दस्तावेज नहीं होने का हवाला देकर पुलिस एफआईआर नहीं कर रही।

**मामले में तात्कालीन पटवारी**

समेत तीन लोगों के ऊपर एफआईआर दर्ज करने मुलमुला थाना को पत्र लिखे हैं। प्रकरण पुराना है और पूरी जांच उनके कार्यकाल से पूर्व हो चुकी है। प्रकरण में कितने लोग दोषी हैं. इसकी जांच पुलिस करेगी।

**देवेन्द्र चौधरी, एसडीएम पामगढ़**

# कोल डिपो के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण मंडल में कराई आपत्ति दर्ज

## कन्हाईबंद के ग्रामीणों ने क्षेत्रीय अधिकारी से की शिकायत

**जांजगीर-चांपा।** कन्हाईबंद की भूमि में कोल डिपो खोले जाने की सुगबुगहाट के बाद ग्रामीणों ने क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल के पास शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणोंका कहना है कि एक तो पहले से ग्रामीण कोड डिपो के प्रदूषण को लेकर अच्छे खासे परेशान हैं। तो वहीं तीसरा कोल डिपो के लिए जिला प्रशासन ने बिलासपुर के मेसर्स टर्टल सर्विसेस प्रोपाइटर शशांक कुमार सिंह निवासी रामा ग्रीन सरकंडा बिलासपुर को लाइसेंस देने की गुपचुप तैयारी की जा रही है। इसके लिए एसडीएम ने उसकी भूमि का डायवर्सन भी कर दिया है। हालांकि प्रशासन का कहना है कि यह उनके पावर में शामिल है। वहीं दूसरी ओर कन्हाईबंद के ग्रामीणों ने इसके विरोध में मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा है कि यहां किसी भी सूरत में कोल डिपो खुलने नहीं देंगे। इसके लिए वे ग्राम पंचायत की । अगस्त 2025 की बैठक में प्रस्ताव को निरस्त कर दिया है। उन्हें किसी भी सूरत में एनओसी नहीं दिया जाएगा। गांव के सरपंच विनोद कुमार, पूर्व सरपंच प्रभाकर तिवारी, अधिवक्ता उमेश कुमार राठौर पूर्व उपसरपंच चित्रभान सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण मंडल के समक्ष आपत्ति दर्ज कर कोल डिपो को स्वीकृति न देने की मांग की है।

**यह है पूरा मामला**

गौरतलब है कि नैला रेलवे फाटक के उस पार कन्हाईबंद गांव कोयले के काले डस्ट से पहले से पट चुका है। अब तीसरे कोल साइडिंग मेसर्स टर्टल सर्विसेस प्रोपाइटर शशांक कुमार सिंह निवासी रामा ग्रीन सरकंडा बिलासपुर को लाइसेंस देने की गुपचुप तैयारी की जा रही है। कागजी कार्रवाई हो चुकी है। विडंबना यह है कि ग्राम पंचायत ने ग्राम पंचायत में तीन-तीन बार कोलसाइडिंग को अनापत्ति प्रमाण पत्र देने से मना कर दिया है। इसके बाद भी कोलसाइडिंग को आखिर जांजगीर एसडीएम ने रातों रात कन्हाईबंद की आबादी जमीन के पास की भूमि का डायवर्सन कर दिया।

### एक पेड़ मां के नाम, प्रदेश में जांजगीर 29वें स्थान पर

**जांजगीर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान में प्रदेश भर की सूची में जिला 29वें पायदान पर है। जिले में पौधरोपण की धीमी प्रगति को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ने चिंता जता सभी स्कूलों के प्राचार्यों को अधिक पौधे रोपने निर्देश दिए हैं। राज्य स्तर पर 29 जुलाई से 2 अक्टूबर तक वृक्षारोपण विशेष अभियान चलाया गया। इसमें जिले को 2,19,064 पौधारोपण का लक्ष्य मिला था, पर जांजगीर-चांपा जिले में अब तक मात्र 24,078 पौधे ही रोपे गए, जो लक्ष्य की तुलना में 10 फीसदी है। कई स्कूलों ने वृक्षारोपण करने के बाद भी उसे पोर्टल पर दर्ज नहीं किया है, जिससे जिले की वास्तविक प्रगति सामने नहीं आ पा रही है। इस स्थिति को सुधारने जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों को तत्काल पौधारोपण करने और उसकी फोटो सहित जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।

### मवेशियों के जमावड़े से हाईवे हुआ वन-वे, जाम

**जांजगीर।** नेशनल हाईवे 49 अमरताल के पास को मवेशियों के जमावड़े के कारण जाम सड़क वनवे हो गई। शुक्रवार की रात 9 बजे हाईवे की एक लेन पर बड़ी संख्या मवेशी आ गए। इससे बिलासपुर जाने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गई। जल्दी जाने के फेर में वाहन चालक रांग साइड से गुजरने लगी तभी रायगढ़ की ओर जा रहे वाहन सामने आ गए और मार्ग अवरूद्ध हो गया। ऐसे में दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। ऐसी स्थिति में ट्रक और बाइक चालकों ने मिलकर मवेशियों को सड़क से हटाया तब कहीं जाकर रास्ता साफ हुआ। करीब आधे घंटे तक वाहन चालक जाम में फंसे रहे।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत किया गया जन जागरूकता शिविर का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में विद्युत उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घरों में सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आज अकलतरा संभाग के ग्राम अकलतरा, रसेड़ा, खरौद एवं पामगढ़ में जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को सोलर रूफटॉप लगाने की प्रक्रिया, लाभ एवं आवेदन संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यपालन अभियंता आर. के. चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के माध्यम से केंद्र सरकार उपभोक्ताओं को विद्युत आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगाने पर उपभोक्ताओं को अधिकतम 1,08,000 तक की प्रोत्साहन राशि (सब्सिडी) प्रदान की जा रही है। इससे उपभोक्ताओं का आर्थिक बोझ कम होगा तथा बिजली बिल में भी भारी कमी आएगी। बैंक के माध्यम से सोलर रूफटॉप हेतु ऋण सुविधा भी उपलब्ध है। 3 किलोवाट क्षमता का सोलर संयंत्र लगभग 300 यूनिट बिजली का उत्पादन करता है, जिससे उपभोक्ताओं के बिजली बिल में 50 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है तथा कम खपत की स्थिति में बिजली बिल शून्य भी हो सकता है। योजना को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के उद्देश्य से ऐसे शिविरों का नियमित आयोजन किया जा रहा है।

# भगवान शंकर संहार व अनुग्रह के देवता, इसलिए होती है पूजाः पांडेय

## शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन ब्यास आचार्य ने सुनाई शिवलिंग उत्पत्ति प्राकट्य की कथा

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम बनारी में आयोजित श्री शिव महापुराण की कथा में गुरुवार 9 अक्टूबर को कथा प्रवक्ता मनोज पांडे ने शिवलिंग के उत्पत्ति प्राकट्य की कथा, ब्रह्मा जी की अपूज्यता का कारण, भस्म धारण विधि भस्म माहात्म्य रुद्राक्ष धारण विधि रुद्राक्ष माहात्म्य आदि की चर्चा की।

सृष्टि के कार्य में सृष्टि स्थिति और विनाश इन तीन कार्यों के लिए पर ब्रह्म ने ब्रह्मा विष्णु और शिवजी का स्वरूप धारण किया है। अन्य देवताओं के केवल मूर्ति की पूजा होती है लेकिन शिव जी के मूर्ति और लिंग दोनों की पूजा होती है । शिवजी संहार के देवता हैं लेकिन अनुग्रह के भी देवता इसीलिए अन्य सभी देवताओं की तुलना में इनके सर्वाधिक मंदिर हैं और सर्वाधिक पूजा इन्हीं की होती है। भस्म धारण का सभी वर्णों जातियां लिंग सबको अधिकार है परंतु भस्म रुद्राक्ष तुलसी माला आदि धारण करने के बाद मांस मदिरा आदि के सेवन से बचना चाहिए दुर्गंध तामसी भोजन से बचना चाहिए तब सभी को अधिकार है और



यदि भोजन में आचरण में संयम न हो तभी उसे व्यक्ति को भस्म रुद्राक्ष या तुलसी माला आदि धारण करने से बचना चाहिए। किसी भी वर्ण या जाति के प्रति कोई पूर्वाग्रह या दुराग्रह हमारे व्यास जी के मन में नहीं है। हमारे पवित्र धार्मिक प्रतीकों को पवित्र लोग धारण कर सकें इसकी अपेक्षा की जाती है। शिवजी सगुन भी हैं और निर्गुण भी इसलिए उनके लिंग और वेर अर्थात मूर्ति दोनों की पूजा



होती है अन्य देवताओं के केवल सगुन स्वरूप मूर्ति मात्रकी पूजा होती है। कथा श्रवण करने जगदीश तिवारी, विजय तिवारी, सत्यप्रकाश तिवारी, कृष्णकांत तिवारी, राकेश तिवारी, रमाकांत तिवारी, राजेश तिवारी, कमलकांत तिवारी, माधव प्रसाद पाण्डेय, जीवराखन तिवारी, राकेश पाण्डेय, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, मनमोहन दुबे, गोरेलाल मिश्रा, रामेश्वर साव, बोधराम धीवर आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस अजा विभाग ने दिया धरना

## मंदिर पर टिप्पणी से नाराज वकील ने दिखाए थे तेवर

**जांजगीर।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर सर्वोच्च न्यायालय के प्रांगण में एक अधिवक्ता द्वारा जूता फेंकने के कृत्य किया गया। संबंधित वकील इस बात से नाराज थे कि सीजेआई ने खजुराहो में एक मंदिर के सुधार को लेकर लगाई याचिका पर अनापेक्षित टिप्पणी की थी।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार एवं अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष महारथी बघेल के नेतृत्व में जांजगीर अंबेडकर जी के प्रतिमा स्थल के पास 11 अक्टूबर को जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग द्वारा धरना , प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम पर अनुविभागीय अधिकारी जांजगीर को ज्ञापन सौप कर मांग किया गया कि अपराधी अधिवक्ता के खिलाफ संवैधानिक पद की अवमानना और दलित न्यायाधीश के प्रति घृणा फैलाने वाले इस कृत्य के लिए मामला दर्ज करने की मांग की।



धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप , जिला कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष महारथी बघेल, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस सचिव गिरधारी यादव, प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ परस शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रफीक सिद्धकी,कांग्रेस महामंत्री शिशिर द्विवेदी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, ब्लॉक कांग्रेस नवागढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद कश्यप, संतोष बबई गढ़वाल,सुखराम गरेवाल, परमेश्वर निर्मले, रामविलास राठौर, राइस किंग खुटे, नरेंद्र बंजारे, भरत गढ़वाल,चेतन प्रधान, पवन कश्यप, मनोहर प्रधान, गोविंद खरसन, मनोरमा पाटेकर, अनिल चौरसिया, विजय गढ़वाल, अशोक सोनवानी, रामकुमार राठौर, साखी राम सोनवान, चंद्रमणि गढ़वाल, राजा खान, खोलबहरा पटेल, गौतम कश्यप, सफीक खान, प्रदीप यादव, जानू राठौर, धनपति करियारे, विजय सूर्यवंशी, राजकुमार सूर्यवंशी, मनोज ताम्रकार, सुरेंद्र लाठियां, कमलेश ताम्रकार, रामकुमार करियारे, पुरुषोत्तम लाल, महेश खरे, अतिक कुरैशी, इस्माइल खान, सहित कांग्रेसजन एवं अधिवक्तागण उपस्थित हुए कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्धकी ने एवं आभार प्रदर्शन संतोष बबई गढ़वाल ने किया

# राज्य स्तरीय सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता रायपुर में

**जांजगीर चांपा ।** जिले के खिलाडियों का शानदार प्रदर्शन... 25वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता के सब जूनियर बालक बालिका वर्ग में बिलासपुर संभाग की तरफ से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान किया गया। बालक वर्ग में बिलासपुर ने बस्तर को 3.2 से रायपुर को 4.1 से सरगुजा को 1.0 से पराजित कर छत्तीसगढ़ राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया मुख्य अतिथि माननीय शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री गजेंद्र यादव माननीय श्री टंकराम वर्मा राजस्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी जी के द्वारा सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया प्रताप डहरिया समर करियर शौर्य गढ़वाल अनीश यादव ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।बालिका वर्ग में बिलासपुर संभाग ने बस्तर को 3.1 रायपुर को 6.1 से दुर्ग को 2.0 से पराजित कर छत्तीसगढ़ में उपविजेता का खिताब जीता। बालिका वर्ग में मंजू ढीमर आभा साहू करिश्मा नव्या खरे ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। बिलासपुर संभाग के कोच राकेश गढ़वाल सहायक कोच सोमदेव खरे बालिका कोच सीमा रोहिदास के मार्गदर्शन में इस वर्ष हॉकी खिलाडियों ने बेमिसाल प्रदर्शन किया। जिला हॉकी संघ जांजगीर चांपा के अध्यक्ष गोपेश्वर कहरा जिला संयोजक राजीव ठाकुर चेयरमैन कृष्ण गढ़वाल सचिव राकेश गढ़वाल उपाध्यक्ष अजीत गढ़वाल देवा गढ़वाल दीपक खरसन राजेश्वर कुमार चंदन कुमार अमित परमहंस कोचसुमित कुमार सूरज खरे बादल गढ़वाल प्रदीप कुमार चंद्रजीत सोनवान कोच संजना साहू कोच खुशबू साहू सोनाली यादव पुष्पेंद्र गढ़वाल उमाशंकर चंद्रेश राज कटकवर छबिलाल सूर्योदय कुमार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।।

# पेंशनरों को दीपावली पूर्व 5प्रतिशत महंगाई भत्ता भुगतान करें:थवाईत

**जांजगीर।** बिलासपुर छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष आर के थवाईत की अगुवाई में पेंशनरों का प्रतिनिधि मंडल द्वारा विगत 08 अक्टूबर को रायपुर मंत्रालय जाकर प्रदेश के मुख्य सचिव को प्रदेश के पेंशनरों को लंबित दो प्रतिशत एवं सितंबर से केंद्र सरकार द्वारा घोषित 03 प्रतिशत सहित 05 प्रतिशत का डी आर ,मंहगाई भत्ता का भुगतान दीपावली पूर्व भुगतान करने की मांग सहित 08 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया है।



छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ के प्रदेश महामंत्री सुंदर सिंह ठाकुर ने बताया कि 01जुलाई 25 से प्रदेश के अधिकारी और कर्मचारियों को 02 प्रतिशत का मंहगाई भत्ता का भुगतान कर दिया गया, लेकिन अभी तक प्रदेश के पेंशनरों को इस दो प्रतिशत का डी आर अभी तक नहीं दिया जा रहा है, पूर्व में परम्परा रही है कि प्रदेश के कर्मचारियों के साथ साथ पेंशनरों को भी महंगाई भत्ता का आदेश एक ही आदेश में जारी होता रहा है लेकिन कुछ वर्षों से कर्मचारी और पेंशनरों का डी ए का आदेश अलग अलग जारी होता है। अभी 01 सितंबर से केंद्रीय कर्मचारियों को 03 प्रतिशत मंहगाई भत्ता और दिया गया है,। वर्तमान में पेंशनर को पांच प्रतिशत डी ए कम।मिल रहा है । प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ ने लंबित 05 प्रतिशत डी ए कैंटर की तिथि से दीपावली पूर्व भुगतान करने।की मांग किया है। अन्य प्रमुख मांगों में राज्य पुनर्गठन आयोग की 49(6) विलोपित करने,सेवानिवृत्त पर 300दिनों का अवकाश नगदीकरण का लाभ देने,पेंशनरों को प्रतिमाह 3000रुपए मेडिकल भत्ता या कैशलैस चिकित्सा सुविधा देने,राज्य पेंशनर कल्याण मंडल पुनर्गठित करने,प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ को पेंशनर्स की समस्याओं के लिए शासन से पत्राचार की अनुमति देने,राजधानी रायपुर और सभी जिला मुख्यालयों में पेंशनर संघ के कार्य संचालन हेतु राज्य, जिला और तहसील मुख्यालयों में निर्मित सियान सदन या बापू की कुटिया को आबंटित किया जाना,और प्रदेश के सभी पेंशनरों को 02 वर्ष में एक बार नि:शुल्क तीर्थ यात्रा की सुविधा दिए जाना शामिल है।

छग प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ के प्रदेश महामंत्री सुंदर सिंह ठाकुर ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि विगत दिनों मंत्रालय रायपुर में प्रदेश के नव पदस्थ प्रमुख सचिव श्री विकास शील से मिलने संघ के प्रदेश अध्यक्ष आर के थवाईत के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल मंत्रालय रायपुर गए थे । उनके साथ कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष के एस ठाकुर, प्रदेश महामंत्री

# रामकुमार साहू बने तहसील अध्यक्ष



**जांजगीर चांपा।** प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के निर्देशन में साहू संघ का चुनाव कार्य पूरे प्रदेश में चल रहा है,उसी तारतम्य में तहसील साहू संघ जांजगीर का पदाधिकारी चुनाव प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक हेमंत साहू जिला कोषाध्यक्ष व रामचरण साहू जिला उपाध्यक्ष द्वारा संपन्न कराया गया।विशेष मार्गदर्शन के लिए कार्यकारी जिलाध्यक्ष अशोक साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।जिसमें अच्छी पहल करते हुए निर्विरोध रूप से रामकुमार साहू को अध्यक्ष,दुलेश्वर साहू व श्रीमति सहोदरा साहू को उपाध्यक्ष,लालाराम साहू व श्रीमति साहिन बाई साहू को संगठन सचिव के रूप में निर्विरोध सर्वसम्मति से चुना गया। नव निर्वाचित तहसील अध्यक्ष ने कहा मुझे आप सभी ने अध्यक्ष का दायित्व दिया है आप सभी को विश्वास दिलाता हु कि सामाजिक हित में कार्य करते हुए विकास के हर आयामों को पदाधिकारियों से आपसी समन्वय से करने का संकल्पित प्रयास करूंगा। इस दौरान बंशी साहू जिला संरक्षक,संजय साहू जिला उपाध्यक्ष,राजकुमार साहू जिला पंचायत सदस्य, जे.सी.साहू केंद्र अध्यक्ष जांजगीर, मंजू साहू केंद्र अध्यक्ष पीसौद,इतवार साय केंद्र अध्यक्ष भड़ेसर, डॉ . बोधी राम साहू जिला संयोजक साहित्य प्रकोष्ठ,रामरतन साहू ,केशव साहू,नारायण साहू,नेहरू साहू,सुशील साहू,काशी साहू,चंद्रशेखर साहू,संतोष साहू, मनहरण साहू,भुवनेश्वर साहू, जीवन लाल साहू, प्रमोद साहू, लखन साहू, रम्हैया साहू, के. बी.साहू, रामकुमार साहू, हुलास राम साहू, दिगंबर साहू, रामदुलार साहू, राजेश साहू, महेश कुमार साहू, रामखेलावन साहू, तेरस राम साहू, मनमोहन साहू, शिवकुमार साहू, बद्दू लाल साहू, हर कुमार साहू, सुखसागर साहू ,रामायण साहू, पुरुषोत्तम साहू, मिलन साहू, प्रदीप साहू, छीता ताबाई साहू, राधा साहू, मदन साहू, मोहनलाल साहू, बसंत कुमार साहू, जयकुमार साहू, महेश्वरी साहू, सुधा साहू, गीता साहू, संतोषी साहू, रामनारायण साहू, शिशुपाल साहू, शांति बाई साहू, मोहनलाल साहू, उर्मिला साहू, दिनेश साहू, श्रीमती रमा साहू, लक्ष्मी साहू, जय कुमारी साहू सहित अधिसंख्य उपस्थित रहे।

### ओवरब्रिज पर खड़े वाहनों पर कार्रवाई

**जांजगीर।** दीपावली पर्व को देखते हुए अकलतरा ओवर ब्रिज पर जानबूझकर वाहनों को खड़ा कर यातायात बाधित करने वाले चालकों के खिलाफ जिले की यातायात



पुलिस ने कार्रवाई की । पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के मार्गदर्शन में यातायात नियमों के उल्लंघन पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। अकलतरा शास्त्री चौक ओवर ब्रिज एक सिंगल रोड होने के कारण यहां वाहन खड़ा करने से मुख्य मार्ग पर भारी जाम लग जाता है, जिससे पर्व के दौरान यातायात की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही थी। नागरिकों की बार-बार अपील के बावजूद वाहन चालक ओवर ब्रिज पर वाहन खड़ा कर रहे हैं।

# दो बाईक की भिड़ंत में तीन गंभीर

## घायलों को पत्रकार शनि सूर्यवंशी ने पहुंचाया अस्पताल

**पामगढ़ ।** राहौद चौकी के पड़रिया मोड़ के पास आपस में बाइक सवार की जबरदस्त भिड़त हो गई। हादसे में बाइक सवार शिक्षक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालात को देखते हुए उन्हें सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया।



मिली जानकारी के अनुसार मुलमुला थाना क्षेत्र के नवागांव पकरिया निवासी अमृत लाल साहू पिता रामायण साहू उम्र 27 वर्ष अपने एक मित्र शांतिकुमार साहू के साथ शुक्रवार को बाइक से ग्राम धरदेई जा रहे थे। वहीं लक्ष्मीकांत श्रीवास पिता गजेंद्र श्रीवास निवासी धरदेई जो वर्तमान में बिलासपुर में रहता है और कामता शासकीय स्कूल में पदस्थ है, अपनी बाइक से सामने से आ रहा था। इस दौरान राहौद चौकी के पड़रिया मोड़ के पास दोनों की बाइक में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। घटना में अमृत लाल और लक्ष्मीकांत को गंभीर चोटें आई। वहीं शांति कुमार को मामूली चोटें आई। दोनों घायलों को पामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बिलासपुर रेफर कर दिया गया।

जिस स्थान पर हादसा हुआ वहां से कुछ देर बाद ही पकरिया निवासी पत्रकार शनि सूर्यवंशी अपने साथी कुटराबोड़ निवासी चंद्रशेखर खांडे के साथ गुजर रहे थे। हादसे को देखने के बाद उन्होंने तुरंत अपनी चारपहिया गाड़ी रोकी और घायलों की स्थिति को देखते हुए बिना देर किए उन्हें अपने वाहनों में बिठाया और सीधे पामगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। इससे घायलों को तत्कालिक प्राथमिक उपचार मिल गया। नहीं तो एंबुलेंस या दूसरे वाहन के इंतजार में और देर हो सकती थी।

### गेंदा महोत्सव के लिए सबरिया समाज की टीम लैलूंगा रवाना

**जांजगीर।** सबरिया समाज की एक विशेष टीम लैलूंगा (रायगढ़) में आयोजित होने वाले गेंदा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर टीम को कृषि विज्ञान केंद्र के डॉक्टर महंत, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार ने विदा किया।



कार्यक्रम में जिले के केवीके से जुड़े किसान समूह भी शामिल हुए । इस गेंदा महोत्सव के माध्यम से किसानों को गेंदा फूल की खेती, उसकी मांग, बाजार और मुनाफे की जानकारी दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य किसानों को गेंदा जैसी लाभकारी फसल की ओर प्रेरित करना है। इसी को ध्यान में रखते हुए अगले वर्ष से जांजगीर-चांपा जिले में भी गेंदा की खेती प्रारंभ की जाएगी और यहां भी गेंदा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। रायगढ़ जिले के लैलूंगा क्षेत्र के ग्राम कोड़केल में गेंदा महोत्सव का आयोजन होना है, जिसमें सबरिया समाज के लोगों को गेंदा की खेती से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। यह कार्यक्रम क्षेत्रीय कृषि विकास और समाज के उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## अनमोल वचन......

अगर आप सफल होना चाहते हो तो आपको अपने काम में एकाग्रता लानी होगी - बिल गेट्स

# टिकाऊ शांति का रास्ता

फिलहाल, गजा के बाशिंदों को बड़ी राहत मिली है। मगर अब अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने दो-राज्य सिद्धांत के तहत स्वतंत्र फिलस्तीन की स्थापना करवाने की चुनौती है, जिसके बिना कोई समझौता स्थायी शांति नहीं ला पाएगा। इजराइल और हमास के बीच शांति समझौते के पहले चरण पर सहमति बनने के साथ ग़ज़ा में लड़ाई रुकने की संभावना मजबूत हुई है। यह समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की 20 सूत्री शांति योजना के तहत हुआ। इसके मुताबिक इजराइल हमले तुरंत रोकने और ग़ज़ा से अपनी फौज की आंशिक वापसी पर राजी हुआ है। बदले में हमास 20 जिंदा इजराइली बंधकों और 28 बंधकों के शव लौटाएगा। इजराइल उम्र कैद काट रहे 250 से अधिक फिलस्तीनियों को रिहा करेगा। इसके अलावा वह 1,700 उन फिलस्तीनियों को रिहा करेगा, जिन्हें सात अक्टूबर 2023 के बाद से उसने हिरासत में ले रखा है।

इसके बाद क्या होगा, इस पर शांति समझौते के दूसरे चरण में बातचीत होगी। इस दौरान गजा में राजनीति प्रशासन एवं सुरक्षा का नया ढांचा बनाने के सवाल पर वार्ता होगी। इस पर रजामंदी होना ज्यादा मुश्किल हो सकता है। हमास ने कहा है कि 'राष्ट्रीय स्वतंत्रता और आत्म-निर्णय का अधिकार' हासिल करने के संकल्प पर वह अडिग है। ग़ज़ा का प्रशासन फिलस्तीनियों के हाथ में रहे, इसे वह सुनिश्चित करेगा। क्या इजराइल इसके लिए राजी होगा। या इस सवाल पर बातचीत टूट जाएगी और फिर से गजा में मानव संहार का नजारा देखने को मिलेगा। ये इस समय सबसे प्रासंगिक प्रश्न हैं। हमास ने टिकाऊ शांति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी समझौते के गारंटर ट्रंप तथा उन अरब-इस्लामी देशों पर डाली है, जिनके हस्तक्षेप से समझौते का पहला चरण संपन्न हो सका।

आम समझ है कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस समझौते के लिए तैयार नहीं थे, मगर ट्रंप का दबाव निर्णायक साबित हुआ। ट्रंप ऐसे ही रुख पर कायम रहे, तो शायद बात आगे बढ़ सकेगी। फिलहाल, गजा के बाशिंदों को बड़ी राहत मिली है। इजराइली हमलों में लगभग 67,000 लोग मारे गए। गजा का बुनियादी ढांचा लगभग तबाह हो गया है। अब उसके पुनर्निर्माण और वहां बचे लोगों को नई जिंदगी देने की चुनौती अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने है। मगर उसके सामने उससे भी बड़ी चुनौती दो-राज्य सिद्धांत के तहत स्वतंत्र फिलस्तीन की स्थापना करवाने की है, जिसके बिना कोई समझौता स्थायी शांति नहीं ला पाएगा।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कुछ लोग आपको कंफ्यूज़ करने की कोशिश करेंगे। दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखें, इससे आपके कार्य बड़ी ही आसानी से पूरे होंगे। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान देने से आप सम्मान के पात्र बने रहेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं।

**वृष राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने काम पर पूरा फोकस बनाये रखें, जल्द ही भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय बच्चों के लिए निकालेंगे, बच्चे अपने मन की बात आपसे शेयर करेंगे। लवमेट एक-दूसरे पर विश्वास बनाए रखें, रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी। छात्रों को थोड़ी और मेहनत की जरूरत है। सफलता के योग बने हुए हैं।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपनी बातों से किसी को प्रभावित कर देंगे। समाज में किये गए सराहनीय काम को देखकर लोग आपसे कुछ अच्छा सीखेंगे, जिससे आपको गर्व होगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपका कोई काम जो काफी दिनों से रुका था, आज पूरा हो जाएगा। साथ ही आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। विद्यार्थियों द्वारा की गई मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा। जल्दबाजी में कोई भी निर्णय न लें, इससे बना बनाया काम बिगड़ सकता है।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। मानवहित में किये गये कार्यों के कारण आपको सम्मान मिलेगा। गैर-जरूरी खर्चों पर रोक लगाकर आप बचत पर ध्यान देंगे। व्यवसायिक गतिविधियां मन मुताबिक चलेंगी। काम करने के तरीकों में बदलाव लाएंगे। आत्मविश्वास बनाए रखें।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। सरकारी नौकरी करने वाले अपने काम पर ज्यादा ध्यान दें। किसी से बहस की स्थिति बन सकती है, ऐसे में मौन रहना बेहतर होगा। पब्लिक प्लेस पर छवि खराब न होने दें। लवमेट के रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके काम करने के तरीकों से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। बातचीत के दौरान अपनी निजी बातें शेयर न करें।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। मित्रों से मन की बात शेयर करने से सुकून मिलेगा। आपको नई जानकारियां भी हासिल होंगी। रिश्तेदार से शुभ संदेश मिलेगा, जिससे खुशी दोगुनी होगी। बिजनेस में खास एग्रीमेंट होगा, लेकिन कॉम्पटीशन के दौर में कार्य करने के तरीकों में बदलाव जरूरी है।

**धनु राशिः** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। निजी कामों पर बाहरी लोगों का दखल न होने दें। भावनाओं में आकर कोई फैसला न लें। ज्यादा काम के कारण थकान हो सकती है।छोटी-छोटी परेशानियां जल्द दूर होंगी।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। शाम का समय माता-पिता के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे, जिससे अच्छा समाधान मिलेगा। किसी काम की शुरुआत करने से पहले शुभ मुहूर्त देखना बेहतर होगा। समाज में किये गए कार्यों से मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। किसी अनुभवी से मिली सलाह फायदेमंद साबित होगी। काम को लेकर आपके सपने काफी हद तक पूरे होंगे। स्वयं को साबित करने के लिए बेहतर दिन है। परिवार में सामंजस्य से शांति का माहौल रहेगा।

**मीन राशिः** आज का समय आपके लिए अच्छा है। पारिवारिक समस्या हल होगी और रुके काम में गति आएगी। सकारात्मक लोगों की सलाह फायदेमंद होगी। मेहनत का उचित फल जल्द मिलेगा। अफवाहों पर ध्यान न दें। ऑफिसियल यात्रा संभव है, जो शुभ होगी। जीवनसाथी के साथ डिनर प्लान करेंगे। छात्रों के लिए सफलता का दिन साबित होगा, बस थोड़ी और मेहनत करें।

# हिंदू को बांटो, लड़ाओ, खरीदो और बनाओ गंवार!

//हरिशंकर व्यास//

**सोचें, भारत में सामाजिक (हिंदू) समरसता का कौन सा मॉडल प्रदेश है। मेरा मानना है मध्य प्रदेश! और वहां अभी क्या हल्ला हुआ। भाजपा ने ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ा कर 27 प्रतिशत करने के कमलनाथ सरकार के पुराने फैसले पर सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद की है कि कांग्रेस कई वर्षों तक सत्ता में रही लेकिन उसने किसी वर्ग के साथ न्याय नहीं किया। अब मामला सुप्रीम कोर्ट में है और हमें न्यायपालिका पर भरोसा है।**

हमें उम्मीद है कि अदालत मध्यप्रदेश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी देगी। अर्थात भाजपा/संघ परिवार/ मोहन यादव सरकार राज्य की ओबीसी (51 प्रतिशत), अनुसूचित जाति (एससी) 15.6 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति (एसटी) 21.1 प्रतिशत के तीनों वर्गों की राज्य में कथित 87 प्रतिशत आबादी के अनुपात में आगे आरक्षण का झुनझुना/रोडमैप सोचे हुए है।

और यह सब मोदी सरकार की 11 वर्षों की राजनीति का नतीजा है। जैसे भी हो सत्ता बनाए रखने की जिद्द की इस राजनीति ने कांग्रेस और राहुल गांधी को यदि जितनी आबादी, उतना हक़ के एजेंडे की ओर धकेला है तो सुप्रीम कोर्ट तथा जनगणना से भाजपा हिंदू समाज को आगे और बिखेरने वाली है। कैसे। मोदी सरकार 2027 में जनगणना कराएगी। अंग्रेजों की कराई 1931 की जाति जनगणना के लगभग सौ साल बाद स्वतंत्र भारत की पहली बार फिर जाति जनगणना होगी। यह जनगणना जाति के साथ उपजाति, पिछड़े, अतिपिछड़े जैसे अलग-अलग समूहों के खांचों में होगी। जैसे कर्नाटक में सिद्धारमैया सरकार लिंगायतों को बांटने, हिंदू धर्म से उन्हें अलग करने, लिंगायत के भीतर लिंगायत बनाम वीरशैव का झगड़ा बनाने की कोशिश में है वैसे ही अगली जनगणना में पिछड़ों में अति पिछड़ों का वर्गीकरण भी बनेगा। मतलब अति पिछड़ों के वर्गीकरण में यदि हिंदू जाट की उपजातियों जैसे बैंस, भुल्लर, अटवाल आदि की आर्थिक हैसियत के आगे पिछड़े, अति पिछड़े जाट के समूह बने तो आश्चर्य नहीं होगा! क्योंकि जाति जनगणना के पीछे एकमेव मंत्र 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले हिंदुओं को इतना और बांटना है कि मोदी नए वर्ण विभाजन के फार्मूलों में योजना, स्कीम बना कर लोगों के खाते में पैसे डालने के नए फैसले ले सकें, जिससे वोट पके। मतलब ताजा बिहार मॉडल की तरह 2029 में अखिल भारतीय स्तर पर बांटो, लडाओ (जातीय पहचान-हक-आरक्षण की भूख में) के साथ स्कीमों व आरक्षण के जरिए वोट पटाने का महाअभियान! मतलब राहुल गांधी, कांग्रेस, तेजस्वी याकि जातीय-क्षेत्रिय राजनीति के धुरंधरों की पिछड़ा-दलित-आदिवासी राजनीति को जनगणना और उसके बाई प्रोडक्ट की योजनाओं-घोषणाओं-झांसों के महाप्रोपेगेंडा से खारिज करा देना।भयावह सिनेरियो है। मगर अंग्रेजों ने जैसे 1905 में बंग-भंग से बीज बो कर 1947 में हिंदू-मुस्लिम विभाजन तय कराया वैसे नरेंद्र मोदी दिल्ली के वे आखिरी हिंदू शासक संभावी हैं, जिनकी जातीय जनगणना और जातीय आरक्षण की आग में हिंदू राष्ट्रवाद वैसे ही मिट्टी में मिलेगा देने जैसे पृथ्वीराज चौहान के आखिरी शासन की आखिरी हिंदू सत्ता थी! विदेशी गुलामी से पहले की! सोचें, हिंदू मोदी राज में कैसा-क्या है। आरक्षण व्यवस्था लागू होने के 75 वर्ष बाद भारत का दलित चीफ जस्टिस, दलित आईपीएस एडीजीपी, एक दलित कांस्टेबल की हालिया प्रतिनिधि घटनाओं, व्यवहार, अनुभव से क्या यह नहीं मालूम होता कि आरक्षण व्यवस्था पूरी तरह फेल है! इसने हिंदू समाज में समानता की बजाय समरसता, परस्पर मान-सम्मान, सद्भावपूर्ण व्यवहार को न केवल और खराब किया है, बल्कि जातीय पूर्वाग्रहों, वैमनस्य, दुराव, नीचताओं की हद पार करा दी है।

सचमुच हर हिंदू को (जितनी आबादी, उतना हक़ का सामाजिक न्याय चाहने वालों को अवश्य) हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस एडीजीपी पुरण कुमार के सुसाइड नोट तथा घटना के बाद उनकी पत्नी आईएएस अधिकारी अनमित कुमार की शिकायत-एफआईआर को पढ़ना चाहिए। समझ आएगा कि आरक्षण की व्यवस्था ने हिंदू समाज को मानसिक उत्पीडन की भट्ठी बना दिया है। पूरा समाज, पूरी आबादी जल रही है, खोखला गई है। जिसे आरक्षण मिला और जिसे नहीं मिला, सभी भूख, उत्पीडन, जलालत, भेदभाव की भट्ठी में जलते हुए है। सोचें, भारत के चीफ जस्टिस गवई पर! भारत राष्ट्र की सत्ता-व्यवस्था के एक स्तंभ न्यायपालिका के प्रमुख। वे आरक्षण से नहीं बने। पर आरक्षण से चिन्हित हुई जाति के वे पर्याय दलित हैं तो उन पर जूता फेंकना सोशल मीडिया में आज तर्कसंगत व प्रशंसनीय है या फिर हिंदू धर्म को गालियां हैं तो सत्य क्या जाहिर। पूरा समाज ही आरक्षण से मानसिक रोगी है। सोचें, तब भारत राष्ट्र-राज्य कैसा रोगी, खोखला, अशक्त और असहाय है!

इसे नई ऊंचाईयां मोदी राज से हैं। नरेंद्र मोदी से पहले तक कांग्रेस, भाजपा, लेफ्ट के राष्ट्रीय राजनीति के नैरेटिव में मंडल-कमंडल दोनों सीमाबद्ध थे। पर अब यदि राहुल गांधी का जितनी आबादी, उतना हक़ का पागलपन है तो वजह मोदी-शाह द्वारा जात राजनीति, पिछड़ावाद से वोट प्रबंधन हैं। मोदी सरकार ने पूरी राजनीति को ही जब धर्म, जात, पैसे और लोगों को गंवार बनाने के प्रोपेगेंडा की फैक्टरी में कनवर्ट कर दिया है तो विपक्ष क्या करेगा।

यह नोट रखें कि जो दिशा है उसमें मोदी सरकार सुप्रीम कोर्ट से आरक्षण की सीमा 75-84 प्रतिशत (मतलब जितनी आबादी, उतना हक़) बढ़वा देगी। वही जातीय जनगणना के बाद फिर 2029 के चुनाव में प्राइवेट क्षेत्र में आरक्षण लागू कराने का वादा होगा! इसलिए क्योंकि चुनाव किसी भी सूरत में जीतना है। फिर यों भी भारत को आगे बुद्धि, काबलियत की जरूरत नहीं है। अमेरिकी कंपनियों की एआई (कृत्रिम बुद्धि-काबलियत) से ही भारत चलना है। सो मोदी-भाजपा-संघ की यह आखिरी देन तय है जो भारत हर तरह से गुलाम, अक्षम, नाकाबिल और पूरी तरह से जातियों-धर्म की जिद्द में लड़ता-झगड़ता-मनोरोगी होगा!

# भाजपा ने बिहार खरीदा, जीत लिया!

//हरिशंकर व्यास//

**हो सकता है मैं गलत हूं, फिर भी मेरा मानना है बिहार मोदी-शाह की गोद में है। तेजस्वी, राहुल गांधी, प्रशांत किशोर किसी का कोई अर्थ नहीं। इन सबकी याकि विपक्ष की दिक्कत है जो नहीं समझते कि नरेंद्र मोदी-अमित शाह चौबीस घंटे सत्ता की भूख में जीते हैं। कैसे भी हो सत्ता में रहना है। सोचें, ईस्ट इंडिया कंपनी के बनिया अंग्रेज और मोदी-शाह में क्या समानता है। फूट डालो, राज करो और खरीदो! त्रासद है उस इतिहास को याद कराना। पर तथ्य याद करें कि ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1757 में पलासी और 1764 में बक्सर के युद्ध को जीता था तो उसमें तब बिहार भी था। पता है क्लाइव की सेना में कुल तीन हजार सैनिक थे!**

इसमें गोरे सैनिक केवल आठ सौ थे! जबकि हिंदुस्तानी सेना में पचास हजार सैनिक थे। मगर क्लाइव ने स्थानीय जगत सेठों के पैसे का इस्तेमाल किया। मीर जाफर और उनके सैनिकों को खरीद लिया। सो, अंग्रेज बनिया जीते और फिर दो सौ साल बंगाल, बिहार और उड़ीसा को लूटा। सो, बांटना, जीतना, लूटना अंग्रेजों का बताया मंत्र है।

भला मोदी-शाह की ईस्ट इंडिया कंपनी याकि क्रोनी जगत सेठों के हिस्सेदारी वाली कंपनी क्यों चूके। ध्यान रहे बिहार को मोदी-शाह की टीम ही चला रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जनता दल यू पूरी तरह मोदी-शाह की राजनीति, प्रबंधकीय व्यवस्थाओं, वोट पकाने की असेंबली लाइन से निर्देशित हैं। मैंने 2017 के उत्तर प्रदेश चुनाव के बाद विश्लेषण किया था कि चुनाव का मतदान अब मोदी-शाह की असेंबली लाइन में धड़ाधड़ वोटों का उत्पादन है। इसलिए क्योंकि दोनों की गणित में ए टू जेड के सभी विकल्प हैं, जुमले हैं, प्रबंधकीय व्यवस्थाएं हैं। और यह सत्य लगातार साबित हुआ है। बिहार के मामले में अपने को इसलिए दिलचस्पी थी क्योंकि प्रशांत किशोर बिहार और मोदी-शाह को गहराई से जानते-समझते हैं तो वे कुछ ऐसा नया, अनहोना करेंगे जिससे कुछ उलटफेर हो।

पर वे भी फेल होते लगते हैं। इसलिए क्योंकि उन्हें यह अनुमान नहीं रहा होगा कि चुनाव से ऐन पहले लगभग पूरी आबादी को अलग-अलग टुकड़ों में बांट, उनके अलग-अलग प्रतिनिधि ग्रुप बनाकर सीधे खातों में इतनी नकदी पहुंचा दी जाएगी कि घर-परिवार के लोग बाकी सब भुला देंगे। मेरा मानना है महिलाओं के खातों में दस हजार रुपए की नकदी पहुंचाना निर्णायक है। जिस प्रदेश में कुछ सौ रुपए, हजार-दो हजार रुपए के लिए लाठी चले, जान चली जाए वहां दस-दस हजार रुपए महिला के खाते में पहुंचे और उस पैसे से छठ का त्योहार मने तो वह तो उनके लिए अमृतकाल ही होगा! कहते हैं इतनी स्कीमों, इतने बहानों की आड़ में सरकार से बिहार में पैसा बंटा है कि कोई हिसाब नहीं लग सकता। तभी ईवीएम से कथित धांधली या चुनाव आयोग की हेराफेरी या हिंदू बनाम मुस्लिम की बिहार में जरूरत नहीं होगी। बिहार का यह चुनाव सरकारी पैसे से जीता जाएगा। चुनाव में वादों से पहले ही जब पैसा बंट गया है, लोगों को खरीद लिया है तो चुनाव में भी वादों व खैरात के अलग नैरेटिव और जमीनी प्रबंध होंगे। इसलिए भाजपा-जनता दल यू की छप्पर फाड़ जीत तय है।

तभी तेजस्वी यादव, राहुल गांधी, इनके वामपंथी सहयोगी और प्रशांत किशोर धूल में लठ्ठ मारते हुए हैं। प्रशांत किशोर की पहली उम्मीदवार लिस्ट में जातीय समीकरणों की चिंता है। मतलब लालू-तेजस्वी और राहुल गांधी की जातिवादी राजनीति की छाप। कोई भी नेता या पार्टी बिहार की दशा (35 साल की मंडल राजनीति में) के हवाले मतदाताओं में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी-बेगारी, असमानता, लूट-खसोट तथा कानून-व्यवस्था की स्थितियों, अपराध आदि का मसला-मुद्दा उभार नहीं पा रहा है। तेजस्वी ने पिछली बार रोजगार का हल्ला बनाया था, अभी भी हर घर में एक सरकारी नौकरी जैसी बात है पर इससे यादव नौजवानों का जनसभाओं में रैला भले बन जाए मगर मोदी-शाह ने पहले ही घर-घर अपने वोट पका लिए हैं। इसलिए बिहार का नतीजा वैसा ही होगा जैसे सौदेबाज-धंधेबाज अंग्रेज ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1776 में लड़ाई जीती थी।

# भारत की पहचान भगदड़ भी है!

तमिलनाडु के करूर में अभिनेता-नेता विजय की राजनीतिक रैली में 41 लोगों की मौत हुई। ऐसे हादसों की सूची लंबी है लेकिन यहाँ सवाल उठता है कि एक के बाद एक हादसों से हमने क्या सीखा। क्या ऐसे हादसे कभी कम होंगे। 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई, ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। यह घटना कार्यक्रम समाप्ति के समय भीड़ के बहाव के कारण हुई, जब लोग बाबा के चरण छूने या उनकी चरण रज लेने के लिए उमड़ पड़े।

भारत, दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला वह देश है जहां धार्मिक उत्सव, राजनीतिक रैलियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम राष्ट्रीय शर्म का कारण बनते है। हाल के वर्षों की कई घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि प्रशासनिक लापरवाही, अपर्याप्त योजना और बुनियादी ढांचे की कमी में कैसे निर्दोष लोगों की जान जाती है। सितंबर 2025 में तमिलनाडु के करूर में अभिनेता-नेता विजय की राजनीतिक रैली में 41 लोगों की मौत हो गई, जब देरी से पहुंचे काफिले को देखने के लिए लोग सड़क पर उमड़ पड़े। भगदड़ के हादसों की सूची बहुत लंबी है लेकिन यहाँ सवाल उठता है कि एक के बाद एक हादसों से हमने क्या सीखा। क्या ऐसे हादसे कभी कम होंगे। 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई, ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। यह घटना कार्यक्रम समाप्ति के समय भीड़ के बहाव के कारण हुई, जब लोग बाबा के चरण छूने या उनकी चरण रज लेने के लिए उमड़ पड़े। इसी तरह, 2025 में प्रयागराज के महाकुंभ मेला में 'मौनी अमावस्या' के दिन पवित्र नदी में स्नान के दौरान हुई भगदड़ ने 30 लोगों की जान ले ली और 60 से अधिक घायल हो गए। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि भारत अपनी जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में बार-बार असफल हो रहा है। इन घटनाओं पर शासन और प्रशासन इतना गंभीर क्यों नहीं दिखाई देता। हाल के वर्षों में भारत में भगदड़ की घटनाएं एक चक्रव्यूह की तरह घूम रही हैं। 2024 के दिसंबर में हैदराबाद के संध्या थिएटर में 'पुष्पा 2' फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान हुई भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई। 2025 की शुरुआत में आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शन के टोकन वितरण के समय छह भक्तों की मौत हो गई, जब हजारों लोग टोकन के लिए उमड़ पड़े। फरवरी 2025 में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज पर हुई भगदड़ ने कई जानें लीं। बेंगलुरु में क्रिकेट टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल विजय परेड के दौरान 11 लोगों की मौत हुई, जहां प्रशासन ने भीड़ का अनुमान लगाने में चूक की। बिहार के बाबा सिद्धनाथ मंदिर में अगस्त 2024 की भगदड़ में सात मौतें हुईं। ये घटनाएं धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक आयोजनों में ही नहीं, बल्कि रेलवे स्टेशनों और सिनेमा घरों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर भी हो रही हैं। 1954 से 2012 तक भारत में 79 प्रतिशत भगदड़ें धार्मिक आयोजनों के दौरान हुईं, जो आज भी जारी है।

इन विफलताओं के पीछे कई गहरे कारण हैं। सबसे प्रमुख है आमंत्रित भीड़ का होना और अपर्याप्त प्रबंधन। आयोजक अक्सर अनुमानित संख्या से अधिक लोगों को आने की अनुमति माँग करते हैं, जबकि निकास मार्ग संकरे और अपर्याप्त होते हैं। अनुमति देने वाले विभाग भी, किन्हीं कारणों के चलते, सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतज़ामों पर ज़ोर नहीं देते। हाथरस में अस्थायी टेंट में पर्याप्त निकास न होने से भगदड़ बढ़ी। अफवाहें, जैसे आग लगने या ढांचा गिरने की, घबराहट और भगदड़ पैदा करती हैं। बुनियादी ढांचे की कमी, पुरानी इमारतों, संकरी सड़कों और पहाड़ी इलाकों में तो समझी जा सकती है। वहीं सुरक्षा कर्मियों की कमी और अप्रशिक्षित होना एक और समस्या है। महाकुंभ में वीआईपी व्यवस्थाओं पर फोकस से आम भक्तों की उपेक्षा हो जाती है। राजनीतिक और धार्मिक आयोजनों में भावनाओं का उफान भीड़ को अनियंत्रित बनाता है। इसके अलावा, आपदा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के दिशानिर्देशों का पालन न होना एक बड़ी लापरवाही है। ये सभी कारक मिलकर भारत को बार-बार विफल कर रहे हैं, जहां जनता की जानें सस्ती साबित हो रही हैं।

ये भगदड़ें केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, इनका मानवीय और सामाजिक प्रभाव बहुत गहरा है। परिवार टूट जाते हैं, बच्चे अनाथ हो जाते हैं और परिवार पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। हाथरस में ज्यादातर महिलाओं की मौत ने लिंग असमानता को भी उजागर किया। मनोवैज्ञानिक आघात पीड़ितों और गवाहों को वर्षों तक सताता राट्रीय छवि खराब होती है। भारत जैसे विकासशील देश में ये घटनाएं प्रगति की राह में बाधा हैं।

सवाल उठता है कि इनसे कैसे बचा जाए। प्रबंधन के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। सबसे पहले, पूर्व नियोजन जरूरी है। आयोजकों को अनुमति देते समय क्षमता का सख्त आकलन हो और अधिकतम संख्या तय की जाए। बुनियादी ढांचे में सुधार लाएं, चौड़े निकास, आपातकालीन मार्ग और मजबूत संरचनाएं। एनडीएमए के अनुसार, सीसीटीवी, ड्रोन और एआई का उपयोग भीड़ निगरानी के लिए किया जाए, जैसा कुंभ में प्रयास हुआ। सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ाएं और उन्हें विशेष प्रशिक्षण दें। अफवाहों पर नियंत्रण के लिए 'रियल टाइम' संचार प्रणाली लगाएं। अंतर-एजेंसी समन्वय मजबूत करें–पुलिस, आयोजक और नागरिक प्रशासन एक साथ काम करें। कानूनी सख्ती लाएं, लापरवाह आयोजकों पर कड़ी सजा और मुआवजा सुनिश्चित करें।

## तस्वीरों की दुनिया



अभ्युदय संस्थान, अछोटी में चेतना विकास एवं मूल्य आधारित शिक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित मुख्य समारोह से देश के किसानों को 41 हजार करोड़ रूपए से अधिक की कृषि परियोजनाओं का उपहार दिया।



प्रधानमंत्री भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में आयोजित विशेष कृषि कार्यक्रम के अवसर पर दलहन की खेती में लगे किसानों के साथ बातचीत करते हुए।



प्रधानमंत्री भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में आयोजित कृषि और संबद्ध क्षेत्रों की विभिन्न परियोजनाओं और योजनाओं के शुभारंभ, उद्घाटन, आधारशिला रखने और राष्ट्र को समर्पित करने के अवसर पर विशेष कृषि कार्यक्रम में शामिल हुए।



प्रधानमंत्री भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में आयोजित कृषि और संबद्ध क्षेत्रों की विभिन्न परियोजनाओं और योजनाओं के शुभारंभ, उद्घाटन, आधारशिला रखने और राष्ट्र को समर्पित करने के अवसर पर विशेष कृषि कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए।



भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की विभिन्न परियोजनाओं और योजनाओं के शुभारंभ, उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण के अवसर पर आयोजित विशेष कृषि कार्यक्रम में भाग लेंगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री का संबोधन।



भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु गुजरात के द्वारकाधीश मंदिर में दर्शन और पूजा करते हुए।

### क्या दुनिया में नई महामारी दे रही दस्तक?

## जापान में फ्लू के कारण 4000 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती

**जापान, 12 अक्टूबर [एजेंसी]।**




लगातार बदलते मौसम और कम होती रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता के कारण आने वाले दिनों में दुनियाभर में फ्लू का मौसम आने की उम्मीद है। जापान में फ्लू का कहर देखने को मिल रहा है। जिसके कारण 4000 से ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जापान में फ्लू को देशव्यापी माहामारी घोषित कर दिया है। जिसके चलते पब्लिक हेल्थ सिस्टम पर काफी दवाब बढ़ गया है। एक्सपर्ट ने चेतावनी दी है कि ये वायरस पहले से कई ज्यादा तेजी से विकसित हो रहा है और आसानी से फैल रहा है।जापानी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की है कि राष्ट्रीय औसत महामारी की सीमा को पार कर गया है, और प्रति चिकित्सा संस्थान 1.04 मरीजों तक पहुंच गया है। आश्चर्य की बात यह है कि आमतौर पर जापान में नवंबर के आखिर या दिसंबर से फ्लू का मौसम शुरू होता है, लेकिन इस साल, इसका प्रकोप लगभग पांच हफ्ते पहले ही आ गया है, जिससे आम लोग और अधिकारी चिंतित हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 3 अक्टूबर तक, 4,000 से ज्यादा लोग इन्फ्लूएंजा के कारण अस्पताल में भर्ती हो चुके थे, जो पिछले हफ्ते की तुलना में चार गुना ज्यादा है। जापान के 47 प्रान्तों में से 28 में बढ़ते मामले सामने आए हैं। खास तौर पर टोक्यो, ओकिनावा और कागोशिमा में कम से कम 135 स्कूल और चाइल्डकेअर सेंटर अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं।

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, शुरुआती और तीव्र प्रकोप फ्लू वायरस के व्यवहार में बदलाव का संकेत हो सकता है। होक्काइडो के स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर योको त्सुकामोटो ने जापानी मीडिया से बात करते हुए कहा, इस साल फ्लू का मौसम बहुत जल्दी शुरू हो गया है, लेकिन बदलते वैश्विक परिवेश में यह एक आम स्थिति बन सकती है। त्सुकामोटो ने टीकाकरण, मास्क पहनना, नियमित रूप से हाथ धोना और संक्रमण को फैलने से रोकने जैसी सामान्य सावधानियों की सलाह दी। एक्सपर्ट बुजुर्गों, बच्चों और पहले से किसी बीमारी से ग्रस्त लोगों सहित संवेदनशील आबादी से तुरंत टीका लगवाने का आग्रह कर रहे हैं। त्सुकामोटो ने कहा, ज्यादातर स्वस्थ व्यक्तियों के लिए, फ्लू अप्रिय हो सकता है, लेकिन खतरनाक नहीं। लेकिन संवेदनशील समूहों के लिए, जल्दी टीकाकरण महत्वपूर्ण है।

## वकील और जज सुनिश्चित करें कि न्याय प्रणाली हर नागरिक के लिए सुलभ हो : सीजेआई गवई



**हनोई, 12 अक्टूबर [एजेंसी]।**

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि वकीलों और न्यायाधीशों की यह जिम्मेदारी है कि वे न्याय प्रणाली को मजबूत करें। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इसकी पहुंच सिर्फ महानगरों तक ही सीमित न रहे, बल्कि देश के दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए भी सुलभ हो।वियतनाम के हनोई में आयोजित ला एशिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि न्यायाधीश अपने निर्णयों में जिन सिद्धांतों को व्यक्त करते हैं, वे न्यायालय की प्रशासनिक नीतियों में भी परिलक्षित हों।उन्होंने कहा, मैं यह बताना चाहता हूं कि जब मैंने मई में भारत के प्रधान न्यायाधीश का पदभार ग्रहण किया था, तो मेरी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक यह सुनिश्चित करना था कि न्यायालय में प्रशासनिक पदों की भर्ती में सकारात्मक कार्रवाई न केवल कागजों में, बल्कि पूरी तरह से लागू हो।

मैंने निर्देश दिया कि हाशिये पर पड़े समुदायों को सभी प्रशासनिक नियुक्तियों में उनका उचित हिस्सा मिले और इन नीतियों को सुसंगत और पारदर्शी तरीके से लागू किया जाए।गौतम बुद्ध, महात्मा गांधी और बीआर आंबेडकर द्वारा देखा गया समानता का सपना भारत के संविधान में निहित था और इसने उन लाखों लोगों के भाग्य का रुख मोड़ दिया, जो ऐतिहासिक रूप से हाशिये पर थे और अपने मूल अधिकारों से वंचित थे। उन्होंने कहा कि वकीलों को मातृत्व अवकाश या समय की कमी जैसी धाराणाओं के कारण महिलाओं को नियुक्त करने में संकोच नहीं करना चाहिए।

## बांका में पूजा-पाठ से प्रचार शुरू, ऐलान से पहले तीन प्रत्याशियों ने दिए टिकट फाइनल होने के संकेत

**बांका 12 अक्टूबर।** एनडीए और इंडी गठबंधन ने भले ही अभी किसी सीट या प्रत्याशी का नाम घोषित नहीं किया है। मगर बांका में मुख्य गठबंधन के तीन प्रत्याशियों ने शनिवार को प्रमुख मंदिरों में पूजा अर्चना कर टिकट फाइनल होने का संकेश बांट दिया है। पूजा अर्चना के बाद तीनों देर रात तक अपने क्षेत्र के मतदाताओं से मिलते रहे। सुबह सबसे पहले जदयू के बेलहर विधायक मनोज यादव पटना से देवघर पहुंचे।वहां बाबा मंदिर में पूजा अर्चना के बाद वे अपने निर्वाचन क्षेत्र चांदन में प्रवेश कर गए। चांदन में उन्होंने पत्रकारों से बात की। कहा कि कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने उन्हें अपने क्षेत्र में प्रचार शुरू करने के लिए भेजा है। इस दौरान बिना नाम लिए जदयू सांसद गिरिधारी यादव पर जमकर बरसे। उन्होंने सांसद पर दलबदलू तथा संगठन विरोधी होने का आरोप लगाकर क्षेत्र की जनता में योजनाबद्ध तरीके से भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।देर शाम तक मनोज यादव बेलहर और फुल्लीडुमर में अपने लोगों से मिल रहे हैं। इधर, कटोरिया की भाजपा विधायक डॉ. निक्की हेम्ब्रम ने भी पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शनिवार को क्षेत्र के प्रसिद्ध मधुसूदन मंदिर में भोग का आयोजन किया।इसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने टिकट फाइनल होने का कोई दावा नहीं किया, लेकिन आलाकमान से मिले निर्देश पर प्रचार शुरू करने की बात की।अमरपुर से पिछले चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी जितेंद्र सिंह भी शनिवार सुबह निर्वाचन क्षेत्र के प्रसिद्ध तिलडीहा दुर्गा मंदिर में मत्था टेकने पहुंचे। उन्होंने अपने समर्थकों को चुनाव लड़ने का भरोसा दिलाया। इसके बाद देर शाम तक वे शंभूगंज के दर्जन भर गांवों में जनसंपर्क करते रहे।

## महिला पत्रकारों की पाबंदी पर राजेश राम ने NDA सरकार को घेरा, पूछा- क्या तालिबानी नियमों को सम्मान देने की नीति?

**पटना, 12 अक्टूबर [एजेंसी]।**



अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की दिल्ली में हुई प्रेस वार्ता में महिला पत्रकारों को प्रवेश न दिए जाने पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताते हुए एनडीए सरकार की नीयत पर सवाल उठाए हैं। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि महिला पत्रकारों को प्रवेश से रोक दिया जाना भारतीय संस्कृति पर गहरा आघात है। आज पत्रकारिता के क्षेत्र में महिलाएं परचम लहरा रही हैं, उनमें बिहार की महिला पत्रकार अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि यह तालिबानी सोच के भाजपाई राजनीतिक पोषण का संकेत भी है, जो मनुस्मृति की जड़ में फंसी है। भारत की जनता खासकर महिलाएं इस तालिबानी मानसिकता को बर्दाश्त नहीं करेंगी। उन्होंने सवाल उठाए कि क्या भारत में अब तालिबान के नियमों को सम्मान देने की नीति अपनाई जाएगी। क्या केंद्र सरकार ने इस अपमानजनक घटना पर कोई विरोध दर्ज कराया।

उन्होंने इस अपमानजनक हरकत पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की चुप्पी पर भी सवाल उठाए।प्रेस वार्ता के दौरान राजेश राम ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पुराने भाषण की क्लिप भी दिखाई, जिसमें वह तालिबानी सोच का विरोध कर रहे हैं। प्रेस वार्ता में कांग्रेस के नेशनल मीडिया कार्डिनेटर अभय दुबे, प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ एवं प्रवक्ता असित नाथ तिवारी सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

### सूडान के अल-फशीर शहर पर आरएसएफ ने किए हमले, 60 लोगों की मौत

**अल फशीर।** सूडान के अल फशीर शहर में एक आश्रय केंद्र पर अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) ने ड्रोन और तोपखाने से हमले किए। आश्रय केंद्र पर दो बार ड्रोन और आठ बार तोपखाने के गोले से हमला किए गए।स्थानीय लोगों के अनुसार शुक्रवार रात और शनिवार सुबह किए गए इन हमलों में 60 लोग मारे गए। अल फशीर शहर की आरएसएफ ने घेराबंदी की है, क्योंकि वह दारफुर क्षेत्र में सेना के अंतिम गढ़ पर नियंत्रण पाने का प्रयास कर रहा है। घेराबंदी के कारण शहर में भुखमरी और बीमारी फैल गई है।लगातार ड्रोन और तोपखाने के हमलों से विस्थापितों के आश्रय स्थल, मस्जिदें, अस्पताल और क्लीनिक प्रभावित हुए हैं। गौरतलब है कि सूडान में सेना और अर्धसैनिक बल आरएसएफ के बीच छिड़ा संघर्ष गृह युद्ध में तब्दील हो चुका है।

## पुलिस ने तोड़ा नशे का नेटवर्क: 256 ग्राम स्मैक और 65 पुड़िया गांजा जब्त, तस्कर धराए

**नौबतपुर, 12 अक्टूबर [एजेंसी]।**



पिपलावा पुलिस ने नशे के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से स्मैक और गांजा की बड़ी खेप बरामद की है। इस कार्रवाई से नशे के नेटवर्क में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष सागर कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि बाइक पर सवार दो व्यक्ति नशीला पदार्थ लेकर मसौढी की ओर जा रहे हैं। त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के साथ मिलकर गोवाय मोड़ के समीप वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक बाइक को रुकने का इशारा किया। बाइक सवार ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया और तलाशी ली। इस दौरान एक नीले रंग के थैले में 474 पुड़िया, लगभग 256 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया।अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 3 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार तस्करों में एक धर्मनाथ राम का पुत्र रोहित कुमार और दूसरा संजय पासवान का पुत्र राजकुमार शामिल है।

इसके अलावा, पिपलावा थाना पुलिस ने एक और सफलता हासिल की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि देवरा निवासी गोलू कुमार, जो बहुआरा में दुकान चलाता है, गांजा की तस्करी कर रहा है। पुलिस ने उसके किराना दुकान पर छापा मारकर 65 पुड़िया गांजा के साथ उसे गिरफ्तार किया। पुलिस अब गिरफ्तार तीनों तस्करों के सप्लाई चेन और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की जांच कर रही है। फुलवारी शरीफ डीएसपी दीपक कुमार ने कहा कि नशे का यह कारोबार एक संगठित नेटवर्क की तरह काम कर रहा है और चुनावी दौर में इसे खपाने की कोशिशें तेज हो जाती हैं।

## सीकर में फ्लेट से एक ही परिवार के 4 बच्चों सहित 5 लोगों के शव बरामद

### 8 पैकेट जहर खाकर दी जान



**सीकर, 12 अक्टूबर [एजेंसी]।**

राजस्थान के सीकर में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, यहां एक ही परिवार के पांच सदस्यों ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस को घटना स्थल से 10 पैकेट जहर मिला है, जिनमें से आठ को खा लिया गया। पुलिस ने मौके से लिक्विड जहर भी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, फ्लैट पिछले एक सप्ताह से बंद था और अंदर से तेज बदबू आ रही थी। बिल्डिंग के दूसरे लोगों ने बदबू की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस जैसे ही फ्लैट पर पहुंची तो फ्लैट के अंदर से बदबू आ रही थी। पुलिस किसी तरह फ्लैट के अंदर घुसी और जाकर देखा तो वहां लाश में सड़ चुकी थी और काली पड़ गई थी। शुरुआती जांच में पुलिस इसे पारिवारिक विवाद या परेशानी की वजह से उठाया गया कदम मान रही है। मृतकों की पहचान कर ली गई है लेकिन अभी भी इस आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो पाई हैं। इस घटना ने पूरे जिले को हिला कर रख दिया है।

## जेई की प्रोन्नति के मामले में आया बड़ा फैसला, पथ निर्माण विभाग के सचिव तलब

**रांची, 12 अक्टूबर [एजेंसी]।**




झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन की अदालत में अवमानना से जुड़े एक मामले में आदेश का अनुपालन नहीं किए जाने पर पथ निर्माण विभाग के सचिव को 31 अक्टूबर को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। अदालत ने जूनियर इंजीनियर (जेई) से असिस्टेंट इंजीनियर पद पर प्रोन्नति से संबंधित मामले में कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने पर उक्त निर्देश दिया है। इस संबंध में विक्रम मंडल एवं अन्य की ओर से अवमानना याचिका दाखिल की गई है।प्रार्थियों की ओर से मूल याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट की एकलपीठ ने विभाग को आदेश दिया था कि उन्हें उसी तिथि से असिस्टेंट इंजीनियर पद पर प्रोन्नत किया जाए, जिस तिथि से वरीयता सूची में उनसे कनिष्ठ कर्मियों को पदोन्नति दी गई थी।उन्हें सभी वित्तीय लाभ देने का निर्देश भी दिया गया था। अदालत ने विभाग के 18 सितंबर 2023 को पारित उस आदेश को भी निरस्त कर दिया था, जिसमें संपत्ति विवरणी और सेवा अभिलेख नहीं मिलने का हवाला देते हुए प्रार्थियों की प्रोन्नति अस्वीकृत की गई थी। सरकार ने एकलपीठ के इस आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट की खंडपीठ में अपील दाखिल की थी। अपील में सरकार की ओर से सुनवाई के लिए समय मांगे जाने पर खंडपीठ ने अगली सुनवाई की तिथि पांच जनवरी 2026 निर्धारित की थी।इस बीच एकलपीठ में अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपक रोशन ने स्पष्ट किया था कि सरकार या तो एकलपीठ के आदेश पर स्थगन आदेश प्राप्त करे या आदेश का पालन करे।इस स्थिति में आदेश के अनुपालन न होने पर जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने पथ निर्माण सचिव को 31 अक्टूबर को कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है।

प्रार्थियों का कहना है कि पथ निर्माण विभाग के 13 नवंबर 2019 को जारी वरीयता सूची में वह अपने जूनियर से ऊपर थे, फिर भी उन्हें प्रोन्नति नहीं दी गई। झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की विभागीय पदोन्नति समिति की 14 मार्च 2023 की बैठक में उनके जूनियर को पदोन्नति की अनुशंसा की गई।इसके आधार पर कई जूनियर इंजीनियरों को असिस्टेंट इंजीनियर बनाया गया। विभाग ने प्रार्थियों के विरुद्ध संपत्ति विवरणी, सर्विस बुक और वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (सीआर) अपडेट न होने का हवाला देते हुए पांच अप्रैल 2023 को उनके प्रमोशन आवेदन को खारिज कर दिया।

### खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर का इस्तीफा मंजूर, कौन बनेगा नया सीएम?



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अली अमान के इस्तीफा को गवर्नर फैसल करीम कुंडी ने स्वीकार भी कर लिया है। अली अमीन गंडापुर इस्तीफा पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के सदस्य हैं। उन्होंने बुधवार को अपने पद से की घोषणा की थी, जिसे शनिवार को गवर्नर ने स्वीकार कर लिया। गंडापुर के इस्तीफे की घोषणा के बाद पीटीआई महासचिव सलमान अकबर राजा ने बताया था कि इमरान खान ने सोहेल अफरीदी को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के नए मुख्यमंत्री के रूप में चुना है।

## बांग्लादेश की सेना ने अधिकारियों को हिरासत में लिया

### शेख हसीना समेत 30 आरोपितों के खिलाफ किए गए थे वारंट जारी



**ढाका, 12 अक्टूबर [एजेंसी]।**

बांग्लादेश की सेना ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराधों में कथित संलिप्तता के मामलों में सेवारत और सेवानिवृत्त 15 सैन्य अधिकारियों को हिरासत में लिया है। हसीना को अगस्त, 2024 में छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों के बाद सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। बहरहाल, सेना की यह कार्रवाई बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) द्वारा 30 आरोपितों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के तीन दिन बाद हुई है। न्यायाधिकरण हसीना सरकार और उनकी अब प्रतिबंधित अवामी लीग पार्टी से जुड़े पूर्व वरिष्ठ नेताओं पर मुकदमा चला रहा है। मेजर जनरल मोहम्मद हकीमुज्जमां ने कहा कि मानवता के विरुद्ध अपराधों के आरोपित 15 पूर्व और वर्तमान सैन्य अधिकारियों को हिरासत में ले लिया गया है। सेना वर्तमान कानूनी प्रक्रिया का पूरा समर्थन करेगी।

इससे पहले, आठ अक्टूबर को अंतराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने अवामी लीग शासन के दौरान जबरन गुमशुदगी के जरिए मानवता के खिलाफ किए गए अपराधों से संबंधित दो अलग-अलग मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत 30 आरोपितों के खिलाफ वारंट जारी किए थे।न्यायाधिकरण ने आदेश दिया कि आरोपितों को 22 अक्टूबर तक गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया जाए। न्यायमूर्ति मोहम्मद गुलाम मुर्तुजा मजूमदार की अध्यक्षता वाले न्यायाधिकरण की तीन सदस्यीय पीठ ने बुधवार को यह आदेश पारित किया। हसीना के अलावा, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान, पूर्व प्रधानमंत्री के रक्षा सलाहकार रहे सेवानिवृत्त मेजर जनरल तारिक अहमद सिद्दीकी और पूर्व पुलिस प्रमुख बेनजीर अहमद के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे। शेष अभियुक्तों में से 27 पूर्व या सेवारत सैन्य अधिकारी हैं।

## अमेरिका ने आठ भारतीयों पर लगाए प्रतिबंध ईरान के तेल व्यापार में मदद का आरोप



**वाशिंगटन, 12 अक्टूबर [एजेंसी]।**

अमेरिका ने ईरान के तेल व्यापार में मदद के आरोप में 50 से अधिक कंपनियों और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाए हैं, जिनमें आठ भारतीय नागरिक और भारत स्थित कई कंपनियां हैं। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि ईरानी सरकार की दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों को अंजाम देने के लिए उपयोग किए जा रहे धन को रोकने के लिए लगभग 40 संस्थाओं, व्यक्तियों और जहाजों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं।इसके साथ ही अमेरिकी वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने ईरानी पेट्रोलियम और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का वैश्विक बाजारों में निर्यात करने में शामिल 50 से अधिक संस्थाओं, व्यक्तियों और जहाजों पर प्रतिबंध लगाए हैं। इन दोनों विभागों द्वारा जारी सूचियों में आठ भारतीय नागरिकों के नाम हैं। इन्हें अमेरिका की स्पेशयली डेजिग्नेटेड नेशनल्स (एसडीएन) एंड ब्लाक्ड पर्सन सूची में शामिल किया गया है। इस सूची में शामिल लोग और कंपनियां अमेरिकी नागरिकों के साथ व्यापार नहीं कर सकते और उनके अमेरिका में प्रवेश पर भी प्रतिबंध लग जाता है। प्रतिबंधित लोगों में नीति उमेश भट्ट का नाम है, जिनकी भारत स्थित कंपनी इंडिसोल मार्केटिंग प्राइवेड लिमिटेड पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।पीयूष मगनलाल जाविया और उनकी कंपनी केमोविक प्राइवेट लिमिटेड पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। कमला कनायालाल कसाट, कुनाल कनायालाल कसाट और पूनम कुनाल कसाट का नाम भी सूची में है। उनकी कंपनी हरेश पेट्रोकैम प्राइवेट लिमिटेड ने जनवरी 2024 से फरवरी 2025 के बीच एक करोड़ अमेरिकी डालर के ईरानी पेट्रोकेमिकल उत्पादों का आयात किया।इन तीनों व्यक्तियों और उनकी कंपनी पर प्रतिबंध लगाया गया है। मार्शल आइलैंड में स्थित बर्था शिपिंग इंक के मालिक वरुण पुला पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। यह कंपनी कामरोस के ध्वज वाले जहाज पामिर को संचालित करती है, जिसने जुलाई 2024 से लगभग 40 लाख बैरल ईरानी एलपीजी की चीन तक ढुलाई की।ईवी लाइंस इंक के मालिक एवं एक अन्य भारतीय नागरिक इयप्पन राजा भी इस सूची में शामिल हैं। उनकी कंपनी पनामा-ध्वज वाले जहाज सैफियर गैस को संचालित करती है। इस जहाज ने अप्रैल 2025 से चीन तक 10 लाख बैरल से अधिक ईरानी एलपीजी की ढुलाई की। इस कंपनी को भी प्रतिबंधित सूची में डाला गया है। वेगा स्टार शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड की मालिक सोनिया श्रेष्ठा और उनकी कंपनी पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

### सफेदपोश और परंपरागत अपराधों के बीच अंतर करें कानून निर्माता, राष्ट्रीय विधि सम्मेलन बोले पूर्व CJI संजीव खन्ना

नई दिल्ली। देश के पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने शनिवार को वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों से निपटनेवाले कानूनों के अमल में अधिक संवेदनशील और नाजुक फर्क करने का आह्वान किया। टीपीएफ-दायित्व सफेदपोश अपराध से निपटने पर राष्ट्रीय विधि सम्मेलन में उन्होंने कहा कि वित्तीय प्रभाव वाले हर काम या काम में विफलता को एक ही नजरिये से नहीं देखा जा सकता है।उन्होंने सांसदों से अपील की कि धोखाधड़ी, अनजाने में हुई गलती और प्रक्रियागत चूक के बीच स्पष्ट अंतर करें। उन्होंने कहा कि सभी वित्तीय अनियमितताओं को एक जैसा नहीं मानना चाहिए। मेरे विचार से, ऐसे मामलों से अलग तरीके से निपटा जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि कानून के बारे में न जानना कोई बहाना नहीं हो सकता है, लेकिन असल मुश्किल तब होती है, जब विधायिका सफेदपोश अपराधों को परंपरागत अपराधों के बराबर मान लेती है और उसके पीछे के इरादे और मानसिक पहलू को नजरअंदाज करती है। उन्होंने कहा कि वित्तीय अपराधों को मोटे तौर पर तीन श्रेणियों में बांटा जा सकता है। स्पष्ट आपराधिक इरादे से किए गए अपराध, लापरवाही या गलतफहमी से हुए अपराध और प्रक्रियागत चूक की वजह से हुए अपराध।

# आत्मा को छूने वाली कहानी बनायी अभिनेत्री ईशा कोपिप्पकर ने

ईशा कोप्पिकर की अगली फिल्म, रॉकेटशिप, का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आखिरकार लॉन्च हो गया है, जो दर्शकों को एक भावनात्मक रूप से भरपूर सिनेमाई अनुभव की पहली झलक देता है। निर्माता हरमन राय सहगल ने सोशल मीडिया पर ट्रेलर को एक भावुक कैप्शन के साथ साझा किया है जो फिल्म के सार को बखूबी दर्शाता है- हर सपने को चाहिए एक सहारा, हर सफर को चाहिए प्यार। व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल की इस प्रस्तुति में ईशा कोप्पिकर एक ऐसे किरदार के साथ पर्दे पर वापसी कर रही हैं। जिसमें वे एक ऐसी भूमिका निभा रही हैं जो अपनी बेटी के सपनों को साकार करने में समर्थन करने वाली एक माँ के रूप में उनके अभिनय कौशल को दर्शाता है। ट्रेलर एक ऐसी भावनात्मक कहानी की झलक देता है, जो एक मां की अटूट शक्ति और बेटी के अडिग सपनों के बीच के गहरे रिश्ते को उजागर करता है, और एक ऐसी कहानी के लिए मंच तैयार करती है जो देश भर के परिवारों के साथ जुड़ जाएगी। ईशा कोप्पिकर, जिन्होंने सालों से अपनी खूबसूरती, शालीनता और अभिनय प्रतिभा से दर्शकों के दिलों पर राज किया है, अब



रॉकेटशिप में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा रही हैं जो दर्शकों के दिल को छूने और भावनाओं की गहराइयों में ले जाने का वादा करती है। यह प्रोजेक्ट खास इसलिए भी है क्योंकि यह अनुभवी प्रतिभाओं और उभरते हुए फिल्म निर्माताओं — खासकर सुभाष घई की प्रतिष्ठित व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल अकादमी के छात्रों — के बीच एक सुंदर सहयोग का प्रतीक है।

ईशा का इस डिप्लोमा प्रोजेक्ट में हिस्सा लेने का फ़ैसला इस बात को दर्शाता है कि वह नए टैलेंट को बढ़ावा देने के लिए कितनी प्रतिबद्ध हैं, और किस तरह वो इन छात्रों की संघर्षपूर्ण यात्रा से खुद को जुड़ा हुआ महसूस करती हैं। उन्होंने भी अपने करियर की शुरुआत बिना किसी फिल्मी बैकग्राउंड के की थी, और वह इन छात्रों में अपने ही सपनों की झलक देखती हैं। रॉकेटशिप का ट्रेलर सोशल मीडिया पर आते ही खूब चर्चा बटोर रहा है। दर्शक इसके संवेदनशील विषयवस्तु और ईशा की दमदार भूमिका की जमकर सराहना कर रहे हैं।

जैसा कि ट्रेलर से पता चलता है, दर्शक भावनात्मक गहराई से भरी एक कहानी की उम्मीद कर सकते हैं, जो त्याग, महत्वाकांक्षा और उस गहरे प्यार के विषयों को उजागर करती है जो एक माता-पिता को अपने बच्चे के सपनों के लिए प्रेरित करता है। ईशा कोप्पिकर की शानदार अदायगी और युवा व नवोदित फिल्म निर्माताओं की रचनात्मक ऊर्जा के साथ, रॉकेटशिप दर्शकों के दिलों में उतरने और एक गहरी छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# मिर्जापुर में अपने किरदार को लेकर श्वेता त्रिपाठी ने कहा- मेरे पुराने दोस्त की तरह है गोलू

अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने हाल ही में बनारस में मिर्जापुर फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म में श्वेता फिर से अपने लोकप्रिय किरदार गजगमिनी गोलू गुप्ता के रूप में नजर आएंगी। आईएएनएस से दिए इंटरव्यू में श्वेता ने अपने किरदार को लेकर खुलकर बात की। आईएएनएस से बात करते हुए श्वेता ने कहा, गोलू का किरदार निभाना मेरे लिए किसी पुराने दोस्त से मिलने जैसा है। एक ऐसा दोस्त, जो मेरे जीवन के उतार-चढ़ाव और बदलावों का साक्षी रहा है। बनारस की खासियत है कि यहां की हर कहानी और भी ज्यादा जीवंत लगती है। श्वेता के लिए बनारस वापसी एक खास एहसास लेकर आई है। उन्होंने बताया कि इस शहर ने उनके एक्टिंग करियर में कई महत्वपूर्ण पल देखे हैं। उनकी पहली बड़ी फिल्म मसान से लेकर मिर्जापुर सीरीज तक, बनारस उनके सफर का अहम हिस्सा रही है।

उन्होंने कहा, अब जब मैं इस शहर में मिर्जापुर की शूटिंग कर रही हूं, तो यह मेरे लिए सफर का पूरा होना जैसा है।

अपने किरदार के बारे में श्वेता ने कहा, गोलू का किरदार बदल चुका है और वह खुद भी बदली हैं, लेकिन उसके अंदर का जोश और आग अब भी वही बनी हुई है। मैं दर्शकों को इस किरदार से मिलवाने के लिए बेहद





उत्साहित हूं।

बता दें कि मिर्जापुर भारत की सबसे लोकप्रिय क्राइम-थ्रिलर सीरीज में से एक है। इसकी कहानी अखंडानंद कालीन त्रिपाठी नाम के एक अपराधी और व्यवसायी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो मिर्जापुर जिले का बेताज बादशाह माना जाता है। पहले सीजन में पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु शर्मा, विक्रांत मैसी, श्वेता त्रिपाठी, श्रिया पिलगांवकर, रसिका दुग्गल, हर्षिता गौर और कुलभूषण खरबंदा जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे।

दूसरे सीजन में ज्यादातर कलाकार वापस आए, लेकिन विक्रांत मैसी और श्रिया पिलगांवकर की जगह कुछ नए कलाकार देखे गए, जिनमें विजय वर्मा, ईशा तलवार, लिलिपुट, अंजुम शर्मा, प्रियांशु पेन्युली, अनंग्शा बिस्वास, और नेहा सरगम शामिल हैं।

मिर्जापुर की शूटिंग उत्तर प्रदेश के कई शहरों में हुई है। इस सीरीज की अधिकांश शूटिंग मिर्जापुर में हुई, लेकिन जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, लखनऊ, रायबरेली, गोरखपुर और वाराणसी जैसे शहरों में भी काम किया गया है।

## एकता कपूर ने अभिनेताओं से सार्वजनिक रूप से मांगी माफी, यह है वजह





टीवी इंडस्ट्री की चीन एकता कपूर ने एक वीडियो जारी करते हुए उन सभी अभिनेताओं से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है, जिनकी उन्होंने वर्षों से आलोचना की है। इसकी वजह भी सामने आ गई है। टेलीविजन और फिल्म निर्माता एकता कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन पर एक वीडियो अपलोड किया। इसमें एकता कहती हैं, विज्ञापनों में अपने हालिया विवाद के बाद मैं उन सभी अभिनेताओं से सार्वजनिक रूप से माफी मांगना चाहती हूं, जिनसे मैंने कहा था, आपका अभिनय उम्मीद के मुताबिक नहीं था। मुझे सच में खेद है। दरअसल, हाल ही में एकता कपूर कई तरह के उत्पादों के विज्ञापनों में नजर आई थीं। इनमें एक विज्ञापन में उन्होंने दावा किया था, 'मैंने दुनिया को के-ड्रामा दिया', जो उनके मशहूर टीवी सीरियल्स 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी', 'कहानी घर घर की', 'कुसुम' और 'पवित्र रिश्ता' की तरफ इशारा था।

इनमें से कुछ में वह कहती दिखी थीं, कुछ कलाकार तो ऐसे थे, जो एक्टिंग तक नहीं करना जानते थे। इसके चलते एकता कपूर की खूब आलोचना हुई थी। हालांकि, यह विज्ञापन अब सोशल मीडिया से हटा लिया गया है, लेकिन खुद की किरकिरी होते देख एकता कपूर ने सार्वजनिक तौर पर माफी मांग ली।

दूसरी तरफ एकता कपूर की फिल्म 'कटहल' को हाल ही में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के दौरान सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म के रूप में सम्मानित किया गया था। इस फिल्म को गुनीत मोंगा और एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में सान्या मल्होत्रा, अनंत जोशी, विजय राज और राजपाल यादव जैसे सितारे हैं। इस फिल्म को यशोवर्धन मिश्रा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की कहानी अशोक मिश्रा ने लिखी है।

राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल करने के बाद एकता कपूर ने एक पोस्ट में लिखा था, राष्ट्रीय पुरस्कार और कटहल की जीत का जश्न मनाना बालाजी की पूरी टीम के लिए एक जादुई पल है। यह कहानी प्रामाणिक, अनोखे भारतीय आख्यानों पर प्रकाश डालने के लिए रची गई थी और आज की मान्यता इस सफर को अविस्मरणीय बनाती है।

### जूनियर एनटीआर साले की शादी में पहुंचे, पत्नी के साथ निभाई रस्में, तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



तेलुगु सुपरस्टार जूनियर एनटीआर हमेशा से ही अपने दमदार अभिनय और दमकते व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इस बार वह अपने पारिवारिक अंदाज को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में अभिनेता अपने साले नरने नितिन की शादी में पत्नी लक्ष्मी प्रणति और बच्चों के साथ शामिल हुए, जहां उन्होंने रस्मों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समारोह की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। पारंपरिक परिधानों में सजे एनटीआर और उनकी पत्नी की जोड़ी ने हर किसी का दिल जीत लिया। आइए नज़र डालते हैं इस खास मौके की खास झलकियों पर।

हैदराबाद में सजी शाही शादी

10 अक्टूबर को हैदराबाद में

## क्या चांदनी बार रीओपन्स में लौटेंगी तब्बू? जानिए क्या है पूरी सच्चाई

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म चांदनी बार के बहुप्रतीक्षित सीक्वल पर काम आधिकारिक रूप से शुरू हो चुका है। लेकिन इस घोषणा के बीच सबसे बड़ा सवाल जो चर्चा में है वो ये कि क्या तब्बू एक बार फिर अपने आइकॉनिक किरदार मुमताज़ सावंत के रूप में वापसी करेंगी? मूल फिल्म में तब्बू के दमदार और संवेदनशील अभिनय ने उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार दिलाया था, और फिल्म आज भी उनकी अदाकारी से गहराई से जुड़ी हुई मानी जाती है। निर्माता टीम ने पुष्टि की है कि चांदनी बार 2 एक नई पीढ़ी के लिए इस कहानी को फिर से पेश करेगी, जो पहली फिल्म की घटनाओं के 25 साल बाद की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी। हालांकि, अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि तब्बू वाकई इस किरदार को दोबारा निभाएंगी या नहीं। प्रोजेक्ट से जुड़े एक करीबी सूत्र ने खुलासा किया कि चांदनी बार 2 के निर्माता, तब्बू की वापसी को लेकर गहन बातचीत कर रहे हैं। सूत्र ने बताया, निर्माता चाहते हैं कि तब्बू अपने इस प्रतिष्ठित किरदार को दोबारा निभाएं, क्योंकि उनकी मौजूदगी फिल्म की विश्वसनीयता और भावनात्मक गहराई के लिए बेहद अहम मानी जा रही है। बातचीत जारी है, लेकिन अभिनेत्री की आधिकारिक कास्टिंग की पुष्टि अभी बाकी है। चांदनी बार 2 का निर्माण संदीप सिंह अपने बैनर लेजेंड स्टूडियोज़ के तहत कर रहे हैं, जबकि निर्देशन की कमान मशहूर फिल्ममेकर अजय बहल संभाल रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, इस सीक्वल में एक नई नायिका को भी पेश किया जाएगा। इस चुनौतीपूर्ण और गहन किरदार के लिए कई युवा अभिनेत्रियों के नाम चर्चा में हैं, जिनमें अनन्या पांडे, शरवरी वाघ और तृप्ति डिमरी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इस नए मुख्य किरदार की कास्टिंग जल्द ही अंतिम रूप ले लेगी, जो मुंबई के डांस बार्स की ज़िंदगी और सामाजिक यथार्थ को एक नए दृष्टिकोण से आगे बढ़ाएगी।



# नोरा फतेही ने थाम्मा से अपने अगले बॉलीवुड हिट गाने दिलबर की आँखों का टाइटल किया रिवील




ग्लोबल स्टार नोरा फतेही ने हाल ही में एक बड़ी खबर दी है। वह मैडॉक फिल्म्स की आगामी फिल्म थाम्मा में अपने नए गाने दिलबर की आँखों का के साथ बॉलीवुड डांस की दुनिया में आधिकारिक तौर पर एक और ब्लॉकबस्टर गाने के साथ वापस आ रही हैं। इस गाने में रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना मुख्य भूमिका में हैं। अपने फैंस के लिए एक रोमांचक संदेश में, नोरा ने कहा, हाय मेरे प्यारे दोस्तों, मैं आज आपसे कुछ बेहद रोमांचक बात करने आई हूँ। चलिए, उस ख़ास बात पर बात करते हैं। जोकि सब जानते हैं कि मैंने काफी समय से किसी बॉलीवुड फिल्म में डांस नंबर नहीं किया है। 2018 में दिलबर और कमरिया मेरी ज़िंदगी का धमाकेदार मोड़ था। इसने मुझे पहचान दिलाई और आप लोगों से मेरा परिचय दिलबर गर्ल और कमरिया गर्ल के रूप में हुआ। स्त्री में कमरिया गाने के ज़रिए मुझे यह किरदार मिला और इसने मेरी ज़िंदगी बदल दी। एक और दिलचस्प बात यह है कि मैंने दिलबर और कमरिया एक ही समय पर शूट किए और दोनों एक ही महीने में रिलीज़ हुए। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, मेरे फैन के लिए एक पर्सनल मैसेज...?? आपकी दिलबर और कमरिया गर्ल कल वापस आ रही है। चलिए उन्हें फिर से वह धमाकेदार दौर वापस लाते हैं।

उन्होंने आगे कहा, अब मैंने फिल्म थाम्मा के गाने 'दिलबर की आँखों का' नाम से एक गाने में परफॉर्म करने का फैसला किया है, जो कल रिलीज होने वाली है। यह गाना वही धमाकेदार अंदाज़ को वापस ला रहा है जो आप लोगों को मुझमें पसंद आता है जब मैं किसी बॉलीवुड फिल्म में गाने करती हूँ। मैंने कुछ सालों के लिए ब्रेक लिया था क्योंकि मैं अपने आर्टिस्टिक करियर के अन्य पहलुओं जैसे कि एक्टिंग और म्यूज़िक पर ध्यान दे सकूं। अब हम इस गाने और फिल्म के ज़रिए हम 'दिलबर-कमरिया' वाले दौर को फिर से वापस ला रहे हैं।

अपनी ख़ास अदाकारी का वादा करते हुए, नोरा ने आगे कहा, हमारे पास ज़बरदस्त कोरियोग्राफी है, एक धमाकेदार हुक स्टेप है। वो नोरा - जिसे आप लोग पसंद करते हैं, वापस आ गई है। यह गाना कल दोपहर 1-45 बजे रिलीज़ होगा, तो समय और तारीख़ ज़रूर नोट कर लीजिए। चलो उस दौर को वापस लाते हैं दोस्तों। मुझे लगता है कि आप उसे मिस कर रहे हैं, और मैं भी उसे मिस कर रही हूँ। मेरे लिए यह बहुत मायने रखता है कि मैंने बॉलीवुड गानों के अपने लंबे ब्रेक से बाहर आकर ख़ास तौर पर यह गाना करने का फैसला किया है। पूरी टीम को शुभकामनाएँ और मैं कल आप लोगों द्वारा इसे देखने का बेसब्री से इंतज़ार कर रही हूँ। आई लव यू।

अपनी जबरदस्त स्क्रीन प्रेजेंस, बेजोड़ एनर्जी और एक और ब्लॉकबस्टर और दमदार परफॉर्मेंस के वादे के साथ, नोरा फतेही दिलबर का जादू फिर से जगाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं - इस बार थाम्मा में दिलबर की आँखों का के ज़रिए।



करीना कपूर की लेटेस्ट तस्वीरों ने इंटरनेट पर मचाया तहलका, लेपर्ड प्रिंट साड़ी और भारी नेकलेस में दिखा शाही अंदाज!

## शब्द सामर्थ्य -196


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक195का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | मं | | | ज | र | दा | | |

## डांस से लेकर हँसी तक : सान्या मल्होत्रा ने दिखाया सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का फनसाइड

अभिनेत्री और स्टार परफॉर्मर सान्या मल्होत्रा ने फैंस को पर्दे के पीछे की वह मस्ती दिखाई है, जिसकी हमें ज़रूरत तो थी, लेकिन हमने सोची नहीं थी! हाल ही में उन्होंने सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के सेट से एक मज़ेदार बीटीएस मोमेंट्स शेयर की है, और यह फैन्स के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है। हंसी-मज़ाक से भरे ब्रेक्स से लेकर अनपेक्षित और सच्चे पलों तक, सान्या की BTS (बिहाइंड द सीन्स) फोटोज़ और वीडियोज़ का ये करूसल फिल्म की स्टारकास्ट के बीच की गर्मजोशी और दोस्ती को बखूबी दर्शाता है। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया- SSKTK ??? जो बात सबसे ज़्यादा ध्यान खींचती है, वह है कलाकारों के बीच की सहज केमिस्ट्री। चाहे वो एक छोटा सा मज़ाक हो, शूटिंग के दौरान हुई किसी गलती पर साझा हँसी, या एक-दूसरे के प्रति सच्चा सम्मान, हर पल में



सब के बीच की दोस्ती साफ़ दिखाई देती है। सान्या की ऊर्जा पूरे माहौल को हल्का और खुशनुमा बना देती है, जिससे लंबे शूटिंग शेड्यूल भी आसान लगते हैं। फैंस ने कमेंट सेक्शन में तुरंत प्रतिक्रिया की बाढ़ ला दी — सभी को पर्दे के पीछे की ये झलकियाँ बेहद पसंद आईं।

यह याद दिलाने वाला है कि बेहतरीन कहानी सिर्फ कैमरे के सामने ही नहीं, बल्कि उसके पीछे भी बनती है। मस्ती भरे पलों से लेकर दिल को छू लेने वाली बातों तक, सान्या मल्होत्रा अपने प्रशंसकों को एक बेहतरीन तोहफ़ा दे रही हैं- सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की खुशनुमा दुनिया की एक झलक, जहां हर मुस्कान, हर हँसी और हर बीटीएस मोमेंट यादगार बन जाता है।

हाल ही में फिल्म 'कटहल' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने और 'मिसेज़' में सराहे गए परफॉर्मेंस के बाद, सान्या का करियर एक दुर्लभ संतुलन दिखाता है — जहां कला और व्यवसाय दोनों साथ चलते हैं। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के साथ, फैंस को विश्वास है कि वह न केवल खुद को साबित कर रही हैं, बल्कि दर्शकों का ध्यान भी पूरी तरह खींच रही हैं — हर फ्रेम में उनका स्टारडम, आकर्षण और सिग्नेचर एनर्जी साफ नज़र आती है।

# स्काउट गाइड्स जांच शिविर ने बनाई पहचान



**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा एवं राज्य सचिव जितेंद्र कुमार साहू के आदेशानुसार सरगुजा संभाग स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड जाँच शिविर 07 से 11 अक्टूबर 2025 तक जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज, सलका, बैकुंठपुर जिला कोरिया में आयोजित किया गया।

संभाग स्तरीय इस शिविर का संचालन शिविर संचालक राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, मुख्य परीक्षक स्काउट विभाग जिला संगठन आयुक्त स्काउट कोरिया नागेश्वर साहू, गाइड विभाग सहायक राज्य संगठन आयुक्त गाइड जेरमिना एक्का, सहायक परीक्षक जिला प्रशिक्षण आयुक्त एम. सी. बी. शांतनु कुमार कुर्रे, गाइडर इग्नेश दास के द्वारा किया जा रहा है। इसमें सरगुजा संभाग के पाँच जिलों — कोरिया, मनेंद्रगढ़ - चिरमिरी - भरतपुर, सुरजपुर, जशपुर एवं बलरामपुर से 42 स्काउट्स एवं 39 गाइड्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के शुभारंभ जिला मुख्य आयुक्त देवेंद्र तिवारी ने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स समाज सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण के स्तंभ हैं। शिविर के सफल संचालन हेतु कोरिया जिले से जिला सचिव सुरेन्द्र कुमार, जिला संगठन आयुक्त गाइड आशा एक्का, जिला मीडिया प्रभारी रवि प्रसाद बैगा, विकासखण्ड सचिव बैकुंठपुर शिवप्रताप सिंह सहयोग प्रदान कर रहे हैं। राज्य पुरस्कार प्राप्त स्काउट्स एवं गाइड्स को उनके शैक्षिक कार्य के अतिरिक्त कार्य हेतु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा में 10 अंक बोनस के रूप में भी प्रदान किया जाएगा। शिविर के चतुर्थ दिवस पर विशेष सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि कलेक्टर कोरिया पदेन संरक्षक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला कोरिया श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, सहायक संचालक सरगुजा जितेन्द्र कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट कोरिया विनोद कुमार राय एवं मेजबान संस्था के प्राचार्य एलेक्जेनडर पन्ना उपस्थित हुए। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने प्राथमिक उपचार, तंबू निर्माण, अनुशासन, परेड, सामूहिक गीत, पर्यावरण संरक्षण, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक सेवा जैसे विषयों पर अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। शिविर संचालक शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन दिये। कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन केवल प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि यह जीवन के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रक्रिया है। जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू ने उपस्थित जनों का आभार प्रदर्शन किया एवं कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शांतनु कुर्रे ने किया। सरगुजा संभाग में आयोजित यह राज्य पुरस्कार जाँच शिविर निश्चित ही स्काउटिंग आंदोलन को नई दिशा प्रदान करते हुए सेवा ही सर्वोच्च धर्म की भावना को सशक्त करेगा।

## मोहम्मद अमन ने बॉडी बिल्डिंग में रचा नया इतिहास




**चरचा कालरी।** कोरबा क्षेत्र में आयोजित एसईसीएल एसईसीएल इंटर एरिया बॉडी बिल्डिंग वेट लिफ्टिंग एवं पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता 2025 में पहली बार बैकुंठपुर क्षेत्र की टीम ने हिस्सा लिया। चरचा कॉलरी के कर्मी मोहम्मद अमन रजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अमन का चयन अब एसईसीएल की टीम में किया गया है वे कोल इंडिया इंटर कंपनी बॉडीबिल्डिंग वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शामिल होंगे। 14 से 16 अक्टूबर तक यह प्रतियोगिता डब्ल्यूसीएल में होगी। बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बी.एन. झा, जो स्वयं खेलों के प्रति विशेष लगाव रखते हैं, ने भी अमन की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## आईजी ने किया सीसीटीएनएस प्रशिक्षण का शुभारंभ



**सूरजपुर।** पुलिस अधिकारी व जवानों को सीसीटीएनएस में तकनीकी रूप से दक्ष बनाने हेतु सूरजपुर पुलिस के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार, 10 अक्टूबर को आईजी सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा ने शुभारंभ किया है।

इस प्रशिक्षण का उद्धेश्य पुलिसकर्मियों को तकनीकी कार्यो के लिए प्रशिक्षित कर थानों के कार्यो में गति लाना है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के द्वारा सीसीटीएनएस के तकनीकी कौशल से सभी को प्रशिक्षित करने के लक्ष्य को लेकर इसकी रूपरेखा बनाई है जिसमें सभी थानों के पुलिस अधिकारी व जवानों को बारी-बारी से पुलिस कन्ट्रोल रूम में प्रशिक्षित किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर आईजी सरगुजा श्री दीपक कुमार झा ने प्रशिक्षणार्थियों को कहा कि सीसीटीएनएस से जुड़े कार्यो का यह प्रशिक्षण वर्तमान समय की जरूरत है ताकि सभी विवेचना से जुड़े अपने कार्यो को सरलता से सीसीटीएनएस में अपलोड कर सके। प्रशिक्षण में ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, अपराध विवरण, केस डायरी, चार्जशीट, फाइनल रिपोर्ट, एनसीआर, सिटीजन पोर्टल आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा इससे सभी तकनीकी रूप से दक्ष होगें और सीसीटीएनएस से जुड़े सभी कार्यो को सरलता से कर पायेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में ऐसे प्रशिक्षण सरगुजा रेंज के सभी जिले में प्रारंभ कराया जायेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, सीसीटीएनएस प्रभारी, पुलिस के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## ऑनलाईन होगी रेत खदानों निलामी

**कोरिया।** जिला कोरिया सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आंबटन छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 के अंतर्गत ई-निलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के माध्यम से किया जाना है।

इस ई-निलामी से संबंधित समस्त कार्यवाही निविदा जारी करना, बोलीकर्ताओं का पंजीयन, बोली लगाने की प्रक्रिया, तकनीकी रूप से पात्र बोलीकर्ताओं का चयन, लॉटरी प्रक्रिया, अधिमान्य बोलीदार का चयन आदि एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन संपादित की जाएगी। इस प्रक्रिया की सुगमता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु पोर्टल संचालन, बोली प्रक्रिया एवं नियमों की जानकारी देने के उद्देश्य से संभागवार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

# कृषि योजनाओं से स्वावलंबी होंगे किसान




**कोरिया बैकुंठपुर।** कृषि अनुसंधान केंद्र बैकुंठपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन एवं अन्य कृषि विकास कार्यक्रमों को सम्मिलित करते हुए एक ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन न केवल योजनाओं का शुभारंभ था, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम भी साबित हुआ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देशभर में किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में इन नई योजनाओं का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में उत्पादन के साथ-साथ प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग, भंडारण और विपणन के नए अवसरों को बढ़ावा देना है। इन योजनाओं से किसानों को आधुनिक तकनीक के साथ कृषि कार्यों में नवाचार अपनाने का मौका मिलेगा, जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के अंतर्गत किसानों को फसल उत्पादन से लेकर बाजार तक की पूरी श्रृंखला को सशक्त करने पर जोर दिया गया है। वहीं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के माध्यम से देश में दाल उत्पादन को बढ़ावा देने, आयात पर निर्भरता को कम करने और किसानों को दलहन की खेती के प्रति प्रोत्साहित करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों ने बताया कि इन योजनाओं से कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकी सहायता, वैज्ञानिक अनुसंधान, और नई फसल पद्धतियों का प्रसार होगा। इससे किसानों को जलवायु परिवर्तन और बदलते मौसम की चुनौतियों से निपटने में भी मदद मिलेगी। किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सरलता से मिल सके, इसके लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म और प्रशिक्षण शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि भारत का किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के आत्मनिर्भर भविष्य का निर्माता है। उन्होंने कहा कि जब किसान सशक्त होगा, तभी राष्ट्र समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेगा। प्रधानमंत्री का विज़न है कि कृषि केवल जीविकोपार्जन का साधन न रहकर एक आधुनिक, लाभकारी और तकनीक-आधारित उद्योग के रूप में विकसित हो। इन योजनाओं से ग्रामीण युवाओं को भी रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। कृषि आधारित स्टार्टअप्स, फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स और एग्री-बिजनेस के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देकर सरकार ग्रामीण भारत की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना चाहती है। कुल मिलाकर, बैकुंठपुर में आयोजित यह कार्यक्रम किसानों की खुशहाली, ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का कृषि क्षेत्र अब नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है, जहाँ किसान सिर्फ उत्पादक नहीं बल्कि समृद्ध भारत के निर्माता बनेंगे।

## ब्लॉक स्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन सम्पन्न

**चिरमिरी।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद के उत्प्रेरण एवं सहयोग से विकास खण्ड खण्डगवा का ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन स्वामी आत्मानंद विद्यालय चिरमिरी में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में विकासखंड खण्डगवा के विभिन्न विधालयों के प्रतिभागी शामिल हुये। प्रतियोगिता का परिणाम निम्नानुसार रहा प्रथम स्थान ऐरा सिद्दीकी सेजेस चिरमिरी एवं द्वितीय स्थान ज्ञाना प्रसाद सेजेस खण्डगवा ने प्राप्त किया।

विज्ञान से सजेगी कोरिया की नई पहचान

## अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के नाम पर लैब का नामकरण

**कोरिया।** कोरिया जिले ने शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए आज सम्भाग का पहला स्पेस एजुकेशन लैब स्थापित किया। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने बैकुंठपुर स्थित शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में इस लैब का लोकार्पण किया। यह अत्याधुनिक लैब भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ल के नाम पर समर्पित की गई है। डीएमएफ के सहयोग से स्थापित यह प्रयोगशाला विद्यार्थियों में अंतरिक्ष, भौतिकी, भूगोल और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। शुभांशु शुक्ला आधुनिक भारत की सैन्य-वैज्ञानिक प्रतिभा और अंतरिक्ष महत्वाकांक्षा के प्रतीक हैं, जिनकी यात्रा युवाओं को रक्षा सेवा व साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग व गणित क्षेत्रों में करियर के लिए प्रेरित करती है।

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने विद्यालय की छात्राओं से लैब के तकनीकी पक्षों के बारे में जानकारी ली। कक्षा नवमीं की छात्रा अनुजा ने ऐरोहब मॉडल का प्रदर्शन किया, वहीं कक्षा बारहवीं की उन्नति ने वर्चुअल रियलिटी के उपयोग को समझाया। अन्य छात्राओं ने भी अंतरिक्ष से संबंधित उपकरणों और मॉडलों के कार्यों का जीवंत प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। राज्यपाल श्री डेका ने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा आज का युग विज्ञान का युग है। विज्ञान से होने वाले लाभ और उसके प्रभाव से कोई इंकार नहीं कर सकता। यह लैब न केवल अंतरिक्ष विज्ञान बल्कि अन्य विज्ञान विषयों में भी विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने इस पहल की प्रशंसा करते हुए जिला प्रशासन को बधाई दी और उन्होंने लैब के लिए ड्रोन, स्मार्ट बोर्ड एवं प्रोजेक्टर उपलब्ध कराने की सहमति दी। जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा यहां के विद्यार्थियों में परिश्रम, लगन और जुनून की कोई कमी नहीं है, उन्हें बस अवसर की आवश्यकता है। प्रशासन उनके शैक्षणिक विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगा। राज्यपाल की उपस्थिति में आयोजित यह कार्यक्रम कोरिया जिले के लिए गौरव का क्षण रहा, जिससे न केवल शिक्षा की दिशा में नई ऊर्जा आएगी, बल्कि विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और उत्साह भी बढ़ेगा।

# सेवा पखवाड़ा दिवस पर दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को मिला संबल

**एमसीबी।** सेवा पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत आयोजित विशेष कार्यक्रम ने दिव्यांगजनों और वृद्धजनों के जीवन में नई रोशनी भर दी। समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में आत्मानंद विद्यालय, मनेन्द्रगढ़ में सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को सहारा प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना था। इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चम्पा देवी पावले थीं। उनके साथ जनपद अध्यक्ष श्रीमती जानकी बाई खुसरो, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा सरजू यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, जन प्रतिनिधि राहुल सिंह, सरजू यादव, अभिषेक वर्मा और आशीष मजूमदार भी मौजूद रहे।

प्रशासनिक अधिकारियों में डिप्टी कलेक्टर प्रभारी सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती इंदिरा मिश्रा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ सुश्री वैशाली सिंह विशेष रूप से शामिल हुईं। सभी अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा और महत्व को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदान करना रहा। इसमें वृद्धजनों को छड़ी दी गई, जबकि दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज सायकल, ट्राई सायकल, व्हीलचेयर और एयरफोन का वितरण किया गया। जैसे ही लाभार्थियों को उपकरण मिले, उनके चेहरों पर प्रसन्नता और आत्मविश्वास झलकने लगा। इन उपकरणों से न केवल उनकी दैनिक जीवन की कठिनाइयां कम होंगी, बल्कि उन्हें समाज में सम्मानपूर्वक जीने की नई प्रेरणा भी मिलेगी। समारोह के दौरान सभी गणमान्य अतिथियों ने लाभार्थियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि श्रीमती चम्पा देवी पावले ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने दिव्यांगजनों और वृद्धजनों की सेवा को मानवीय संवेदनशीलता का प्रतीक बताया और सभी नागरिकों से उनके प्रति सहयोग और सम्मान का भाव बनाए रखने का आह्वान किया। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए इस पहल को सराहनीय बताया और कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। यह आयोजन समाज कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों से संभव हुआ। दोनों विभागों के सहयोग ने न केवल सहायक उपकरणों का वितरण सुनिश्चित किया, बल्कि आयोजन की व्यवस्थाओं को भी उत्कृष्ट बनाया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभार्थियों और नागरिकों के लिए सल्पाहार की व्यवस्था की गई, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के अंत में मुख्य अतिथि श्रीमती चम्पा देवी पावले ने कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की। इस अवसर ने दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को केवल सहायक उपकरण ही नहीं दिए, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास जगाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का भी कार्य किया। सेवा पखवाड़ा दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल समाज कल्याण की दिशा में एक मजबूत कदम सिद्ध हुआ, बल्कि इसने यह संदेश भी दिया कि यदि सामूहिक प्रयास किए जाएं तो समाज के कमजोर वर्गों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाया जा सकता है।

## ग्राम पंचायत में पोषण माह कार्यक्रम से बढ़ी ग्रामीण महिलाओं में जागरूकता

**एमसीबी।** जिले के विकासखण्ड मनेंद्रगढ़ की ग्राम पंचायत चैनपुर और चनवारीडांड में पोषण माह के अवसर पर एक भव्य और प्रेरक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, पंच, शिक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यकर्ताएं और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में पोषण, स्वास्थ्य और विशेषकर बच्चों एवं माताओं के सशक्त विकास के महत्व को व्यापक रूप से समझाना था। यह कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देश और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और विशेषज्ञों ने बच्चों और महिलाओं के संतुलित पोषण, आहार संबंधी जागरूकता, स्वास्थ्य सुविधाओं और पोषण संबंधी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों को बताया गया कि पोषण ही समाज की स्वास्थ्य-सम्पन्नता और मजबूत भविष्य की कुंजी है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम वासियों ने बच्चों के लिए पोषणयुक्त आहार और स्वास्थ्य जांच संबंधी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी दिखाई। साथ ही महिलाओं को पोषण, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई, जिनमें पोस्टर प्रदर्शनी, समूह चर्चा और सन्देशमुलक प्रदर्शन शामिल थे। शिक्षक और महिला कार्यकर्ताओं ने बच्चों और महिलाओं को सही पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच और साफ-सफाई के महत्व को समझाने के लिए विशेष प्रयास किए।

## जिला पंचायत सीईओ ने दिए सख्त निर्देश, समयसीमा में पूर्ण हों आवास

**एमसीबी।** जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के अमृत सदन सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम शर्मा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीईओ ने कहा कि सभी अप्रारंभ और अपूर्ण आवासों को शीघ्र प्रारंभ कर निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने तकनीकी सहायकों को नियमित फील्ड विजिट कर प्रगति की सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। 15 अक्टूबर तक निर्धारित लक्ष्यों और 1 नवंबर तक प्रदत्त लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति पर विशेष बल दिया गया। बैठक में मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लेबर बजट तैयार करने, जल संरक्षण और संवर्धन कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही सभी जॉब कार्ड धारकों का केवाईसी शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों का निर्माण, डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण, पृथक्करण व्यवस्था और यूजर चार्ज संग्रह पर जोर दिया गया।

## ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता में जीत के लिए हुई कांटे की टक्कर

**एमसीबी।** विकासखंड स्तर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (आ.जा.क.) मनेंद्रगढ़ के परिसर में एक भव्य और प्रेरक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा छठवीं से आठवीं तक और कक्षा नवमी से बारहवीं तक के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार पांडे की अध्यक्षता में हुआ, जबकि कार्यक्रम के सफल संचालन में प्राचार्य बलराज पाल, एबीईओ वीरेंद्र पाण्डे, जिला नोडल इरफान खान, वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती सुनीता मिश्रा, ब्लॉक नोडल संदीप कुमार सिंह, एसआरजी श्रीमती खुशबू पी.दास, बीआरसी सुन्दर राम कैवर्त और मार्गदर्शक व्याख्याता पारसमढ़ी ने अहम योगदान दिया। प्रतियोगिता में ब्लॉक मनेंद्रगढ़ के अधिकांश मिडिल स्कूल और हाई/हायर सेकेंडरी स्कूलों ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। दो वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्रों ने ज्ञान, तर्कशक्ति और समझदारी के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया।

माध्यमिक स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निहाल यादव, द्वितीय स्थान रवि कुमार यादव और तृतीय स्थान गौरव चौधरी (माध्यमिक शाला रांपाखेड़ा) ने प्राप्त किया। वहीं हाई/हायर सेकेंडरी स्तर पर प्रथम स्थान कृष्णा साहू (सेजेस मनेंद्रगढ़), द्वितीय स्थान प्रिया यादव (शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिक्षा विभाग मनेंद्रगढ़) और तृतीय स्थान वर्षा प्रजापति ने हासिल किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में ज्ञान के प्रति उत्साह बढ़ाना, उनकी सोचने और समझने की क्षमता को सशक्त बनाना और शिक्षा के माध्यम से उनकी सर्वांगीण प्रतिभा को निखारना था। प्रतिभागियों ने न केवल अपनी अकादमिक समझ का प्रदर्शन किया, बल्कि आत्मविश्वास, टीम वर्क और मानसिक सतर्कता जैसे गुणों में भी उत्कृष्टता दिखाई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों और अधिकारियों ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ छात्रों के व्यक्तित्व विकास और उनकी भविष्य की शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

## स्वच्छता पखवाडा के अंतर्गत स्वच्छ नीर थीम पर चला विशेष स्वच्छता अभियान

**रायपुर।** भारतीय रेलवे द्वारा स्वच्छ रेल-स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत दिनांक 01 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल में प्रत्येक दिवस निर्धारित थीम के अनुसार स्वच्छता संबंधी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 11 अक्टूबर को स्वच्छ नीर थीम पर विशेष अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मंडल के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों, कार्यालयों, यूनिटों, कॉलोनियों एवं रेलवे अस्पतालों में पेयजल व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टेशनों पर पेयजल आपूर्ति के स्त्रोतों, टंकियों, पाइपलाइनों तथा वाटर वेंडिंग मशीनों की कार्यप्रणाली की गहन जांच की गई। यात्रियों को उपलब्ध कराए जा रहे पानी की शुद्धता की पुष्टि हेतु आवश्यक जल परीक्षण भी किया गया। इसके साथ ही, पेयजल के स्थानों एवं आसपास के क्षेत्रों की विशेष साफ-सफाई की गई।

# मानसिक स्वास्थ्य को रखें बेहतर, बेलबेहरा में किया जागरूक

**एमसीबी।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे की थीम पर बेलबहरा हाई स्कूल में बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास, भावनात्मक सशक्तिकरण और समग्र व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित एक भव्य एवं प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मंच संचालन मिशन शक्ति हब की जिला समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने प्रभावशाली संचालन और प्रेरक शब्दों से पूरे कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। उन्होंने छात्राओको आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। आज के कार्यक्रम में सखी वन स्टॉप सेंटर की मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता सुश्री अमीषा कुशवाहा, चाइल्ड लाइन की परामर्शदाता श्रीमती रूमा पाठक, बाल संरक्षण इकाई के परामर्शदाता राकेश कुमार साहू ने भी बालिकाओं के जीवन में आने वाली समस्याओं पर बातचीत किया और उन समस्याओं के समाधान के बारे में बालिकाओं को जानकारी प्रदान किया। विद्यालय परिसर इस अवसर पर उत्साह, ऊर्जा और जागरूकता से सराबोर रहा, जहाँ छात्राओं और शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। विशेषज्ञ वक्ताओं ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास निर्माण, परीक्षा के दबाव से निपटने, तथा जीवन में संतुलन और दृढ़ता बनाए रखने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। मनोवैज्ञानिकों ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है, क्योंकि एक सशक्त मन ही सशक्त समाज और सफल भविष्य की नींव रखता है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को योग, ध्यान, आत्म-चिंतन और समय प्रबंधन जैसी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें बताया गया कि आधुनिक प्रतिस्पर्धा के इस युग में मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। बालिकाओं को प्रेरित किया गया कि वे अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में हिचकिचाएँ नहीं और जरूरत पड़ने पर परिवार, शिक्षकों या मित्रों से खुलकर संवाद करें। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे और महिला सशक्तिकरण - मिशन शक्ति हब थीम पर आधारित निबंध, भाषण और पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। उनके बनाए पोस्टर और स्लोगन समाज को यह संदेश दे रहे थे कि एक सशक्त बेटी ही स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र की आधारशिला है।

छात्राओं की प्रस्तुतियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और मानसिक दृढ़ता का उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति खुली चर्चा आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक बेटी को अपने भीतर के विचारों और भावनाओं को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने का अवसर मिलना चाहिए। मानसिक चुनौतियों से निपटने के लिए सहायता मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि एक समझदारी भरा कदम है। शिक्षकों ने छात्राओं को अनुशासन, सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दी। जिला प्रशासन द्वारा इस आयोजन को स्वस्थ मन, सशक्त बेटी - मजबूत समाज की नींव थीम पर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य बेटियों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्राओं और शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि इस प्रकार की पहले समाज में सकारात्मक सोच और संवेदनशीलता का संचार करती हैं। ऐसी गतिविधियां न केवल बालिकाओं के आत्मविश्वास को मजबूत करती हैं, बल्कि एक जागरूक, प्रगतिशील और मानसिक रूप से सशक्त समाज की नींव भी रखती हैं। समापन सत्र में सभी छात्राओं ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे अपने आसपास मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करेंगी और समाज में स्वस्थ मन, सशक्त भारत का संदेश घर-घर तक पहुँचाएंगी। यह प्रेरणादायक आयोजन न केवल बालिकाओं के मानसिक विकास का प्रतीक बना, बल्कि यह संदेश भी दिया कि मानसिक रूप से मजबूत बेटियाँ ही भविष्य के सशक्त भारत की वास्तविक पहचान हैं।

# दर्दनाक अंतः अर्धांगिनी की हत्या कर फांसी लगाई पति ने

**कोरबा।** जिले के पसान थाना क्षेत्र के ग्राम लैंगा में पारिवारिक कारणों से उत्पन्न तनाव के बीच आखिरकार दंपत्ति हमेशा के लिए शांत हो गई। घर के कमरे में पति-पत्नी दोनों की लाश मिली, तो आसपास में हड़कम्प मच गई।। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने कमरे को घेराबंदी कर जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम का सहारा जांच पड़ताल के लिए लिया जा रहा है।

घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है, जब पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद को लेकर आसपास में रहने वाले लोगों ने इसकी पुष्टि की। उस दौरान कमरे से जो आवाज आ रही थी, उससे लोग काफी भयभीत थे।

## खाट और फंदे पर मिले शव, पुलिस और फोरेंसिक टीम ने की जांच



उन्हें अंदेशा था कि कहीं इसके गंभीर नतीजे ना हो जाए, और आखिरकार हुआ भी ऐसा ही । बताया जा रहा है कि विवाद इतना बढ़ गया कि पति संतराम ने गुस्से में आकर पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी का शव खाट के पास फंदे से लटका मिला, जबकि पति का शव भी कमरे के अंदर पाया गया। घटना के बाद से पूरे इलाके में सन्नाटा और दहशत का माहौल है। पड़ोसियों ने बताया कि बीती रात दंपत्ति के बीच झगड़ा काफी देर तक चलता रहा था। मृतक दंपत्ति के चार छोटे बच्चे हैं, जो हादसे के वक्त घर में ही मौजूद थे। घटना की सूचना पर डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। पुलिस ने कमरे को सील कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## आखिर क्या होगा बच्चों का

गांव में हुए घटनाक्रम के कारण संबंधित परिवार के चार बच्चों का जीवन अंधकार में पड़ता नजर आ रहा है। कारण यह है कि माता-पिता दोनों की मौत हो चुकी है। ऐसी स्थिति में बच्चों के संरक्षण की जिम्मेदारी लेने के लिए किस पक्ष के लोग तैयार होते हैं यह बाद में स्पष्ट होगा। ग्रामीण क्षेत्र में हुई घटना कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ होगा जिसके चलते कुछ ही देर में दंपति का जीवन दर्दनाक तरीके से समाप्त हो गया। जिले में इससे पहले भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जो मनोवैज्ञानिकों के लिए विचारणीय हैं।



# 2 किमी दौड़ लगाई, स्वस्थ रहने का दिया संदेश

## रन फॉर डीएवी में उत्साहित दिखे विद्यार्थी

**कोरबा।** डी.ए.वी.कॉलेज मैनेजिंग कमेटी नई दिल्ली के दिशा निर्देश पर गांधी व शास्त्री जयंती के परिप्रेक्ष्य में डी.ए.वी.गेवरा में रविवार को रन फॉर डी.ए. वी.कार्यक्रम किया गया । शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता इसका उद्देश्य था।

मैराथन में कक्षा 6वीं से 12 वीं तक के लगभग 200 प्रतिभागियों और विद्यालय के 30 से अधिक कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। में शुरुआत क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अजय बेहरा और विद्यालय के प्राचार्य टी.प्रभाकर राव सर के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। प्रतिभागियों ने 2 किलोमीटर मैराथन दौड़कर शरीर को स्वस्थ रखने का संदेश दिया।

प्रतिभागियों की सहायता के लिए तय मार्ग पर सुविधा दी गई। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के बीच अनुशासन, दृढ़ता एवं टीम वर्क नजर आया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

# 52 हाथियों का झूण्ड पहुंचा कोरबा रेंज गेराव-बताती में किया फसल को मटियामेट



**कोरबा।** 52 हाथियों का झूण्ड कोरबा वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र कोरबा के कोरकोमा सर्किल पहुंच गया है। हाथियों के दल ने यहां के गेराव-बताती गांव में पहुंचते ही जमकर उत्पात मचाया और ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को मटियामेट कर दिया। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा हाथियों के आने तथा फसल को तहस-नहस किये जाने की सूचना वन विभाग को दिये जाने पर उसके अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंच गये है और नुकसानी के आकंलन में जुट गये है। एक अनुमान के मुताबिक हाथियों के इस उत्पात में ग्रामीणों को हजारों रूपये का नुकसान हुआ है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथियों का झूण्ड यहां उत्पात मचाने के बाद सुबह होने से पहले जंगल का रूख किया और वहां पर डेरा डालकर विश्राम करने लगा। जिसकी निगरानी ड्रोन कैमरे व मैदानी अमले के जरिये की जा रही है। हाथियों के मौजूदगी वाले गेराव-बताती व आस-पास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। उनसे कहा जा रहा है कि बड़ी संख्या में हाथी क्षेत्र के जंगल में घुम रहा है। अतः उनसे दुरी बनाये रखे। उधर कटघोरा वनमण्डल के पसान रेंज के सेमरहा में हाथियों को उत्पात लगातार जारी है। क्षेत्र में 54 की संख्या में सक्रिय है। जिसमें बीती रात ग्रामीणों के खेतों में पहुंचकर उत्पात मचाते हुए वहां लगे धान फसल को मटियामेट कर दिया है। हाथियों का यह झुण्ड विगत एक सप्ताह से क्षेत्र में विचरण कर रहा है और फसल को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है। हाथियों के उत्पात से क्षेत्र के निवासी परेशान है। इस बीच केंदई रेंज के उचलेंगा गांव में तालाब के पास एक लोनर हाथी को देखे जाने के बाद ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया है।





# सरस्वती विद्यालय के छात्रों की सुरक्षा पर फोकस

## ट्रैफिक पुलिस ने उपलब्ध कराए स्टॉपर

**कोरबा।** कोरबा में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ट्रैफिक पुलिस लगातार प्रयासरत है। योजनाबद्ध तरीके से सुरक्षा उपायों को लागू किया जा रहा है।

इसी क्रम में वीआईपी रोड स्थित सरस्वती विद्यालय प्रबंधन को ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्टॉपर उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि अवकाश के समय बच्चों को सुरक्षित रूप से सड़क पार कराया जा सके। विद्यालय के ठीक सामने व्यस्त वीआईपी रोड स्थित है, जहां से भारी और हल्के वाहन लगातार गुजरते रहते हैं। अवकाश के समय बच्चों की भीड़ बढ़ने से खतरा और बढ़ जाता है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा शिक्षक अपनी निगरानी में व्यवस्था बनाए रखते हैं, फिर भी कुछ व्यावहारिक समस्याओं को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस के स्टाफ ने विद्यालय प्राचार्य राजकुमार देवांगन से चर्चा की और कई सुरक्षा बिंदु नोट किए। स्थानीय आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रबंधन को स्टॉपर दिए गए हैं, ताकि अवकाश के दौरान इनका समुचित उपयोग किया जा सके। इससे दुर्घटनाओं की आशंका को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। बताया गया कि इससे पहले भी सुरक्षा के दृष्टिगत विद्यालय के सामने दो बिंदुओं पर जिगजैग स्पीड ब्रेकर बनाए गए थे, हालांकि उनका लाभ सीमित रहा। याद रहे, इस रास्ते पर कुछ मौका पर गंभीर दुर्घटनाएं हुई हैं और इसकी बड़ी कीमत खास तौर पर रात्रि कल में आवागमन करने वालों को चुकानी पड़ी है। इसी के साथ दिन में भी रास्ता बहुत ज्यादा व्यस्त रहता है इस वजह से भी जोखिम की आशंका बनी रहती है।

# दहशत फैलाने वाला युवक जेल दाखिल

**कोरबा।** आधी रात बर्थ-डे का केक सार्वजनिक स्थान पर 27 इंची तलवार से काटने और लहरा कर दहशत फैलाने वाले बर्थ-डे ब्वॉय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। चौकी सीएसईबी में पदस्थ प्रधान आरक्षक को 9-10 अक्टूबर की रात 12.5 बजे बुधवारी बाजार में सब्जी मण्डी के पास कुछ लोग आम जगह मेन रोड में एकत्र होकर जन्मदिन की पार्टी मना रहे हैं तथा एक व्यक्ति तलवार लेकर केक काट रहा है व तलवार लहराकर घूम रहा है जिससे मोहल्ले में काफी भय का माहौल हो गया है। सूचना पर हमराह स्टाफ के बुधवारी बाजार सब्जी मण्डी के पास दबिश दी जहाँ कुछ लोग आम जगह पर जन्मदिन की पार्टी मनाते दिखे। घेराबंदी कर आम स्थान पर धारदार तलवार लहराते व्यक्ति समीर जगत को पकड़ कर कब्जे से पुराना इस्तेमाली धारदार तलवार को जप्त किया गया।

# अस्मिता किक बॉक्सिंग वीमेन्स लीग में दिखाया दमखम



**कोरबा।** भारत सरकार के खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत वूमेंस अस्मिता लीग 2025 का आयोजन कोरबा के डीडीएम स्कूल में किया गया। वाको इंडिया के तत्वाधान में यह आयोजन संपन्न हुआ। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से 200 प्रतिभागी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर प्रतिभागियों को जोनल कंपटीशन में अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में अपना दमखम दिखाने का मौका दिया जा रहा है। खेलो इंडिया इसी का एक हिस्सा है जिसके माध्यम से खिलाड़ी विभिन्न प्लेटफार्म पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। वाको इंडिया की ओर से अस्मिता वुमेंस किक बॉक्सिंग लीग 2025 का आयोजन कोरबा नगर में किया गया। विभिन्न आयु वर्ग में विमेंस प्रतिभागियों में अपना प्रदर्शन किया। महापौर संजू देवी राजपूत खास तौर पर इस कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर शामिल हुई । खिलाड़ियों के प्रदर्शन को अतिथियों ने सराहा। विद्यालय की एक छात्रा ने अपनी संस्था में हो रहे इस आयोजन को लेकर कहा की खिलाड़ियों को पहचान देने में यह प्रतियोगिता सहायक साबित होगी। वाको इंडिया छत्तीसगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने खेलो इंडिया के अंतर्गत किए जा रहे कार्यक्रमों और खिलाड़ियों की प्रतिभा को तरासने संबंधित प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यहां से चयनित खिलाड़ियों के लिए आगे भी अच्छे अवसर होंगे। प्रतियोगिता के समापन पर विभिन्न वर्ग में विजेता प्रतिभागियों को आयोजक संगठन और संस्था के पदाधिकारी के द्वारा मेडल प्रदान किए गए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## दो दिन पहले मकान देखने के बहाने हुई थी लूट

# देवेश पर दुबारा हमला, गुण्डागर्दी से सहमा इलाका

**कोरबा।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राठौर कालोनी (आरएसएस नगर) में एक बार फिर अशांति की स्थिति उत्पन्न हो गई। दो दिन पहले यहां जिस देवेश सिंह के गले पर हमला कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था, उसी पर फिर से हमला कर दिया गया। पीड़ित को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

आरएसएस नगर इलाके में हुई इस घटना ने लोगों को भयभीत कर दिया। खबर के अनुसार एक मकान से जुड़े विवाद को लेकर दो दिन पहले यहां पर घटना हुई थी। दो अज्ञात युवकों ने यहां पहुंचकर किराये को लेकर पूछताछ की और फिर ऊपर जाकर देवेश को जख्मी कर दिया। चाकू या अन्य धारदार चीज से हमला करने के बाद मौके पर कुछ सामानों की लूट की गई और फिर आरोपी भाग खड़े हुए। इस मामले को लेकर पुलिस ने अपराध दर्ज किया और जांच पड़ताल तेज की। इधर आरोपियों की गिरफ्तारी तो नहीं हो सकी। लेकिन इसी बीच फिर एक घटना हुई। बताया गया कि देवेश मौके पर मौजूद था तभी गुंडे पहुंचे और मारपीट की। उसके जीवन को संकट में डालने का प्रयास किया गया। युवक के चिल्लाने पर आसपास के लोग सक्रिय हुए तो हमलावर भाग गए। आननफानन में पीड़ित को मेडिकल कॉलेज हास्पिटल में भर्ती कराया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हम तथ्यों का पता कर रहे हैं।

# ट्रांसफार्मर हुआ खराब, अंधेरे में दत्तक पुत्र

**कोरबा।** जिले के पसान तहसील अंतर्गत स्थित ग्राम केंदई पण्डोपारा का ट्रांसफार्मर विगत दो माह से खराब पड़ा है। इसकी सूचना बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दी गई है लेकिन उसके अधिकारी व कर्मचारी इसे सुधारने की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहे है। फलस्वरूप यहां के निवासी अंधेरे में रहने को मजबूर है। याद रहे यहां के अधिकांश निवासी पण्डो जनजाति के है। जिन्हें राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र भी कहा जाता है। विशेष संरक्षित इस जनजाति के लोगों को सुविधाएं प्रदान करना सरकार की पहली प्राथमिकता रहती है। लेकिन यहां उनकी उपेक्षा कर खराब पड़े ट्रांसफार्मर को ठीक न करना बिजली विभाग की लापरवाही दर्शाता है। जिसके चलते पूरा गांव अंधेरे में समाया हुआ है। यहां निवासरत राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र व उनका परिवार अंधेरे में रहने को मजबूर है। उन्हें जंगली जानवरों तथा विशैले जीव-जंतुओं से खतरा बना हुआ है। जिले के जिम्मेदार अधिकारियों को



चाहिए कि वे इस ध्यान दें और बंद पड़े ट्रांसफार्मर को सुधरवाकर राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों को राहत प्रदान करें।

## प्रस्तावित जमीन पर लगी माफियाओं की नजर

# बनाकर रहेंगे तालाब, जमीन को बचाने लोग एकजुट



**कोरबा।** नगर पालिका निगम कोरबा के वार्ड संख्या 36 में तालाब के लिए प्रस्तावित सरकारी जमीन पर कई लोगों की नजर लगी हुई है। स्थानिय जनता ने अब तक जमीन को बचा कर रखा हुआ है। लोगों की शिकायत है कि रात के अंधेरे में कई अज्ञात लोग यहां राखड़ डंप कर जमीन कब्जाने में लगे हैं। लोगों ने प्रशासन से इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। कोरबा में रिसदी वार्ड के अंतर्गत डिंगापुर में कम्युनिटी हॉल के पास का यह वह इलाका है जहां पर अवैध कब्जा करने का काम अज्ञात लोगों के द्वारा किया जा रहा है। जबकि स्थानीय लोगों ने अपनी जरूरत के लिए यहां तालाब बनाना प्रस्तावित किया है। महिलाओं ने कहां की उन्हें इस जमीन पर केवल तालाब चाहिए और कुछ नहीं। पार्षद अजय सिंग ने बताया कि यहां पर तालाब निर्माण के लिए मंत्री से लेकर प्रशासन के पास प्रस्ताव भेज दिया गया है। निर्माण के लिए पर्याप्त जमीन है। अवैध कब्जा करने के मामले में जो लोग सक्रिय हैं वह सामने नहीं आ रहे हैं। इससे पहले कोरबा नगर में कई सरकारी तालाबों को पाठ कर समाप्त कर दिया गया। कई तालाब तो पिछले दरवाजे से बेच दिए गए हैं। अब केवल उनकी याद रह गई है।

# गांजा की खेप के साथ पकड़ाए दो तस्कर

**कोरबा।** कोरबा से बनारस जा रही शिव शक्ति महिंद्रा बस में छापामार कार्रवाई कर पुलिस ने अवैध गांजा की बड़ी खेप के साथ दो तस्करों को पकड़ा है। बताया गया कि 10 अक्टूबर की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोरबा से दो युवक बैग में गांजा लेकर बनारस की ओर रवाना हुए हैं।



# बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष निवेश की बढ़ोत्तरी से खतरेः महापात्र

**कोरबा।** ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसियेशन के सह सचिव धर्मराज महापात्रा ने कहा है कि बीमा क्षेत्र में नये ईपीओ और कर्मचारियों की घटती संख्या से स्थिति खतरनाक होती जा रही है। सरकार के ऐसे प्रयासों का हम विरोध करते है।

रविवार को वे प्रेस क्लब में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ वर्षों में बीमा सेक्टर में 26 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, फिर वर्ष 2015 में बढ़ाकर 49 प्रतिशत और फिर पुनः बढ़ाकर वर्ष 2021 में 74 प्रतिशत वृद्धि कर दी गई। संसद में वित्त राज्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत आंकड़े के अनुसार मात्र 32.67 प्रतिशत ही आया है। जबकि दबाव में इसे लगातार बढ़ाया जा रहा है। कर्मचारियों के लिए यह खतरें की घंटी है। उनका आरोप है कि सरकार समग्र बीमा संशोधन विधेयक 2025 के जरिये बीमा कानून 1938 (बीमा अधिनियम), अधिनियम 1956 और आईआरडीए अधिनियम 1999 में प्रतिगामी संशोधन के जरिये इन कानूनों को समाप्त कर कार्पोरेट एवं विदेशी कंपनियों का ही हित साधने का कार्य कर रही है। कई उदाहरण के कारण उन्होंने बात को स्पष्ट किया है। उनका कहना है कि नये ईपीओ लॉंच करने से भी दिक्कतें बढ़ी है। धर्मराज ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम जो कि मात्र 5 करोड़ से अपनी यात्रा आरंभ की थी व आज देश के पॉलिसी धारकों के विश्वास का पर्याय बन गया है। आज 55 लाख करोड़ रू की परिसंपत्तियों को प्रबंधित कर रही है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com